दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



पुष्पा 2 इतिहास रचने से एक कदम दूर...

जान्हवी परम सुंदरी में सिद्धार्थ संग आएंगी नजर.......

वर्ष : 11 | अंक : 10 | लखनऊ, 27 दिसम्बर, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# युवाओं को सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली में वीर बाल दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को राष्ट्र के विकास से जुड़े हर क्षेत्र में अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम हर क्षेत्र में नए बदलाव और चुनौतियां देख सकते हैं, इसलिए हमें अपने युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने की जरूरत है। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम तीसरे 'वीर बाल दिवस' का हिस्सा बन रहे हैं। तीन साल पहले हमारी सरकार ने वीर साहिबजादों के बलिदान की अमर स्मृति में 'वीर बाल दिवस' मानने शुरूआत की थी। अब ये दिन करोड़ों देशवासियों के लिए, पूरे देश के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा का पर्व बना है। इस दिन ने भारत के कितने ही बच्चों और युवाओं को अदम्य साहस से भरने का काम किया है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि साहिबजादों ने मुगल साम्राज्य के सभी प्रलोभनों को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने हर अत्याचार सहा। जब वजीर खान ने उन्हें जिंदा ईंटों से मार देने का आदेश दिया, तो साहिबजादों ने बड़ी बहादुरी के साथ चुनौती स्वीकार कर ली। उन्होंने वजीर खान को गुरु अर्जन देव, गुरु तेग बहादुर और गुरु गोबिंद सिंह की बहादुरी की याद दिलाई। उन्होंने मृत्यु को स्वीकार कर लिया, लेकिन आस्था के मार्ग से कभी नहीं डिगे। उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा ने हमें, सभी को एक समान भाव से देखना सिखाया है और संविधान भी हमें इसी विचार की प्रेरणा देता है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि वीर साहिबजादों का जीवन हमें देश की अखंडता और विचारों से कोई समझौता ना करने की सीख देता है और संविधान भी हमें भारत की प्रभुता और अखंडता को सर्वोपरि रखने का सिद्धांत देता है। हमारे लोकतंत्र की विराटता में गुरुओं की सीख है, साहिबजादों का त्याग है और देश की एकता का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि इतिहास से वर्तमान तक, भारत की प्रगति में हमेशा युवा ऊर्जा की बड़ी भूमिका रही है। आजादी की लड़ाई से लेकर 21वीं सदी के जनांदोलनों तक, भारत के युवा ने हर क्रांति में अपना योगदान दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वीर बाल दिवस' हमें प्रेरणाओं से भरता है और नए संकल्पों के लिए प्रेरित ?करता है। मैंने लाल किले से कहा है कि अब बेस्ट ही हमारा स्टैंडर्ड होना चाहिए। मैं अपनी युवा शक्ति से कहूंगा कि वो जिस सेक्टर में हों उसे बेस्ट बनाने के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि 26 दिसंबर का वो दिन, जब छोटी सी उम्र में हमारे साहिबजादों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह की आयु कम थी, लेकिन उनका हौसला आसमान से भी ऊंचा था।

# युवाओं के लिए रोजगार पर सीएम योगी का फोकस

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने आवास पर रोजगार सृजन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर ठोस कार्ययोजना के अनुरूप रोजगार सृजन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप समयबद्ध तरीके से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनाने के कार्यों को और गति देने के लिए विषय विशेषज्ञों का सहयोग भी लिया जाए। इससे नये भारत का नया उत्तर प्रदेश इकोनामिक ग्रोथ के साथ नये रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा।

### ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर तैयार किए जाएं : सीएम योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर तैयार किए जाएं। युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करने के लिए कौशल विकास के कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाया जाए। एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए 10 सेक्टर में बांटकर कार्य किए जा रहे हैं, साथ ही इन सेक्टरों में प्रदेश के सभी विभागों को जोड़ा गया है।

उन्होंने कहा कि इसके कार्यों की सीएम डैशबोर्ड द्वारा निगरानी की जा रही है। उन्होंने विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों को सीएम डैशबोर्ड के निरीक्षण का आग्रह किया ताकि उन्हें प्रदेश सरकार की कार्यशैली से अवगत कराया जा सके। रोजगार सृजन की संभावनाओं को बढ़ाने की दिशा में विषय विशेषज्ञों का सहयोग भी लेने की आवश्यकता पर बल दिया।

### नये रूट तैयार करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, निर्माण एवं विनिर्माण में सबसे ज्यादा रोजगार की संभावनाएं हैं। ऐसे में इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रयागराज महाकुंभ हमारे लिए प्रदेश की छवि को देश और दुनिया के सामने रखने का बेहतर अवसर है। इसमें रोजगार, कौशल विकास, ज्ञान व तकनीक पर विचार विमर्श होना चाहिए। हर जनपद में सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल बनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा तथा टेलीमेडिसिन के कार्यों को और गति देनी होगी। योगी ने परिवहन निगम की बसों की संख्या और नये रूट तैयार करने के निर्देश दिए।

### मौसम

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,526.14

निफटी 24,641.80

# 1,000 नए रंगरूटों को दिया जाएगा विशेष कमांडो प्रशिक्षण

### सीएम बीरेन सिंह ने दी जानकारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि इस सप्ताह असम में अपना प्रारंभिक प्रशिक्षण पूरा करने वाले 2,000 से अधिक पुलिस रंगरूटों में से लगभग आधे को विशेष कमांडो प्रशिक्षण दिया जाएगा। सिंह ने कहा कि सोमवार को 44 सप्ताह के लंबे कोर्स के बाद असम के गोलाघाट में लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी से स्नातक करने वालों में से 800 से 1,000 रंगरूटों को अस्थायी बैरक में तैनात किया जाएगा जहां वे विशेष कमांडो प्रशिक्षण से गुजरेंगे। कुल मिलाकर, 10वीं और 11वीं भारतीय रिजर्व बटालियन के लिए भर्ती किए गए 1,946 कर्मी, जो राज्य के राजमार्गों की सुरक्षा के लिए बनाए गए थे, असम में पुलिस अकादमी से पास हुए। सिंह इंफाल के वैरी पांगेई में मणिपुर पुलिस फायरिंग रेंज और अस्थायी बैरकों के निर्माण का निरीक्षण किया, ने कहा कि बैरकों का निर्माण वर्तमान स्थिति को देखते हुए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो नई बटालियनों का मुख्यालय नुंगबा और सैवोम में होगा और उनके बटालियन मुख्यालय के निर्माण का काम भी शुरू हो गया है। हमें पुलिस का मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार भीड़ हिंसा की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए पुलिस कर्मियों के लिए आवश्यक हेलमेट सहित उपकरण खरीदने की प्रक्रिया में है।

# महाकुंभ की तैयारियां देख खुश हुए अखिलेश यादव

### कर दी योगी सरकार की तारीफ

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, प्रयागराज में वर्ष 2025 में महाकुंभ का आयोजन होने वाला है। इस आयोजन को लेकर समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव कई तरह के सवाल उठा चुके है। इसी बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाकुंभ की तैयारियों को लेकर स्थानीय प्रशासन की प्रशंसा की है।

समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पोस्ट में लिखा कि वैसे खंभों पर तार ह्यबिछायाह्न नहीं ह्यलगायाह्न जाता है। वो भी समय रहते, जिससे सभी सुरक्षा जांच के लिए पर्याप्त समय मिले। अच्छा हुआ शासन प्रशासन के संज्ञान में मुद्दा आया, यही हमारा उद्देश्य था जो पूरा हुआ। आशा है अब कछुए की चाल की जगह मेले की तैयारी सही गति पकड़ेगी। हम सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने का काम कर रहे है। मेले के आयोजन में कमियों को उजागर कर आपका ध्यान खींचते रहेंगे।

बता दें कि इससे पूर्व मे अखिलेश यादव ने महाकुंभ का एक वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में बिजली के खंबे दिखाई दे रहे थे। इस वीडियो में अखिलेश यादव ने लिखा कि देखो भाजपा सरकार के अचंभे, बिना तार के खंबे। समाजवादियों ने पहले ही एक गाने में कहा था बिन बिजली के खड़ा है खंबा। भाजपा राज में कोई गाना अफसाना नहीं शत प्रतिशत सत्य है। बता दें कि अखिलेश यादव ने एक दिन पहले ही संगम पर पुलिस विभाग से संबंधित एक वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में अखिलेश ने कहा था कि भाजपा सरकार में प्रयागराज महाकुंभ 2025 की तैयारी की सच्चाई है। पुलिस विभाग का काम पहले पूरा हो जाना चाहिए था।

# हरिद्वार में दो बच्चे गंगा नदी में डूबे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

गुजरात , गुजरात के एक परिवार के दो नाबालिग बच्चों की बुधवार को यहां गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने यहां बताया कि हादसा सुबह 10 बजे उत्तरी हरिद्वार के सप्तऋषि क्षेत्र में संतमत घाट पर हुआ जहां गुजरात के तापी जिले के बाजीपुरा गांव निवासी विपुल भाई पवार का परिवार गंगा स्नान कर रहा था। उसने बताया कि इसी दौरान पवार की 13 वर्षीय बेटी प्रत्यूषा और छह वर्षीय बेटा दर्श अचानक गंगा की तेज धार में बहने लगे। परिजन और घाट पर मौजूद अन्य श्रद्धालु बच्चों को बचाने के लिए दौड़े लेकिन तेज बहाव और गहरे पानी के कारण दोनों बच्चे आंखों से ओझल हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

# देश की प्रगति विरोधी ताकतों को हराने के लिए राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करें : उपराष्ट्रपति

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को नागरिकों से राष्ट्र प्रथम की मानसिकता अपनाने की जरूरत पर जोर दिया ताकि देश की प्रगति में बाधा डालने वाली आंतरिक और बाहरी दोनों तरह की ताकतों का मुकाबला किया जा सके। धनखड़ ने तेलंगाना के मेडक जिले में जैविक तरीके अपनाने वाले किसानों के एक सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि लोकतंत्र में समस्याओं के समाधान के लिए बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा, आज मैं देख रहा हूं कि किसान कुछ मुद्दों को लेकर चिंतित हैं। अगर समाज का कोई वर्ग चिंतित है तो उसका सकारात्मक तरीके से और बिना देरी के समाधान करना जरूरी है। लोकतंत्र में मुद्दों को सुलझाने का एकमात्र तरीका बातचीत है। मैंने कई मौकों पर कहा है कि लोकतंत्र में बातचीत के जरिए ही समस्याओं का समाधान खोजा जाना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने संबोधन में बातचीत की वकालत की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में जो संघर्ष देखने को मिल रहे हैं उन्हें बातचीत के माध्यम से ही समाप्त कराया जा सकता है। धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक भारतीय को देश विरोधी ताकतों को हराने के लिए राष्ट्रवाद में अटूट विश्वास बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा, चालें चली जा रही हैं... मैं अपने चारों ओर भारत की प्रगति विरोधी ताकतों का एक भयावह संगम देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि ऐसी ताकतें एक विमर्श पेश करती हैं, जो बाद में बड़ा रूप ले लेती हैं। उन्होंने नागरिकों से ऐसी परिस्थितियों में राष्ट्रवाद में अटूट विश्वास बनाए रखने का आह्वान किया।

# मायावती ने कांग्रेस पर लगाया अंबेडकर का अपमान करने का आरोप

### दोहरे चाल, चरित्र व चेहरा का भी पर्दाफाश...

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए उस पर पूंजीपतियों के हितों को बढ़ावा देते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर और उनके अनुयायियों का अपमान करने का आरोप लगाया। एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में, मायावती ने पूंजीपतियों और बड़े व्यवसायों के वित्तीय समर्थन पर भरोसा करने और अमीर समर्थक और गरीब विरोधी और किसान विरोधी रुख अपनाने के लिए राजनीतिक दलों की आलोचना की।



मायावती ने एक्स पर लिखा कि आज पूरे देश में बीएसपी के सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं व परमपूज्य बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर के उन सभी अनुयाइयों का अति-आभार, शुक्रिया व धन्यवाद जिन्होंने अमित शाह द्वारा किए गए बाबा साहेब के अनादर के विरुद्ध सभी जिला मुख्यालयों पर शान्तिपूर्ण सफल धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब विरोधी टिप्पणी वापस नहीं लेने व पश्चाताप नहीं करने पर बीएसपी के आह्वान पर आयोजित ऐसे प्रदर्शन आदि समस्या का स्थाई हल नहीं, बल्कि इसके लिए बहुजनों को सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करके शासक वर्ग बनकर ही अपना उद्धार स्वंय करने योग्य बनना होगा तभी मुक्ति व सम्मान संभव।

बसपा प्रमुख ने कहा कि इससे कांग्रेस के दोहरे चाल, चरित्र व चेहरा का भी पदार्फाश होता है कि वह पूंजीपतियों का विरोध करके संसद अवरोध करती है किन्तु उन्हीं धन्नासेठों से धन लेकर पार्टी चलाती है और सरकार बनने पर उन्हें लाभ पहुँचाने का कार्य करती है, जो इनकी राज्य सरकारों के कार्यकलापों से स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, भारतरत्न परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के मामले में उनका व उनके अनुयाइयों की उपेक्षा व तिरस्कार करती है, लेकिन उनके वोट के स्वार्थ की खातिर किस्म-किस्म की छलावापूर्ण राजनीति भी करती है, जिससे लोगों को हमेशा ही सावधान रहने की जरूरत है।

# किसानों का आंदोलन तेज, 30 दिसंबर को पंजाब बंद का ऐलान, आपातकालीन सेवाएं छोड़ सब ठप

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, किसान मजदूर संघर्ष समिति के एक किसान नेता ने कहा कि 30 दिसंबर को पंजाब में राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया गया है। मीडिया से बात करते हुए सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि बंद को राज्य भर में कई यूनियनों और समूहों से समर्थन मिला है। उन्होंने बताया कि बंद सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक प्रभावी रहेगा। आगे बोलते हुए, किसान नेता ने कहा कि पंजाब में सरकारी और निजी कार्यालय बंद रहेंगे, और रेल आंदोलन और सड़क यातायात में भी व्यवधान होगा। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी। पंडेर ने कहा कि व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, कर्मचारी संघों, टोल प्लाजा श्रमिकों, श्रमिकों, पूर्व सैनिकों, सरपंचों और शिक्षक संघों, सामाजिक और अन्य निकायों और कुछ अन्य वर्गों ने बंद को अपना समर्थन दिया है। साथ ही आम लोग भी इसका समर्थन कर रहे हैं। पंढेर ने पुष्टि की कि ये कार्रवाइयां उनके चल रहे विरोध का हिस्सा हैं और उनका उद्देश्य उनकी मांगों को उठाना है। किसान नेता ने कहा कि यह बंद केंद्र को किसानों की मांगों को स्वीकार करने के लिए मजबूर करेगा, उन्होंने किसानों की मांगों को स्वीकार करने में विफल रहने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की।

'पंजाब बंद' का आह्वान करने का निर्णय पिछले सप्ताह संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा द्वारा लिया गया था। बंद की सफलता सुनिश्चित करने के लिए एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और केएमएम ने गुरुवार को खनौरी विरोध स्थल पर ट्रांसपोर्टरों, कर्मचारियों, व्यापारियों और अन्य लोगों की एक बैठक बुलाई।

# युवाओं पर लाठीचार्ज क्रूरता की पराकाष्ठा, भाजपा को सिर्फ अपनी कुर्सी बचाना है : प्रियंका गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज को लेकर बृहस्पतिवार को राज्य सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा तथा आरोप लगाया कि भाजपा को सिर्फ अपनी कुर्सी बचाना है। बीपीएससी की ओर से 13 दिसंबर को आयोजित संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा (पीएससी) के प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों ने परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर बुधवार को पटना में विरोध-प्रदर्शन किया, जिस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजीव मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया था कि पुलिसकर्मियों को प्रदर्शनकारियों पर उस समय लाठीचार्ज करना पड़ा, जब उनमें से कुछ बैरिकेड तोड़कर बीपीएससी कार्यालय तक पहुंच गए और यातायात बाधित किया। प्रियंका गांधी ने अपने व्हाट्सएप चैनल पर पोस्ट किया, हाथ जोड़ रहे युवाओं पर इस तरह लाठी चलाना क्रूरता की पराकाष्ठा है। भाजपा राज में रोजगार मांगने वाले युवाओं को लाठियों से पीटा जाता है। उत्तर प्रदेश हो, बिहार हो या मध्य प्रदेश, युवा अगर अपनी आवाज उठाते हैं तो उन्हें बर्बरता से पीटा जाता है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे युवा देश के नौजवानों का भविष्य क्या होगा, यह सोचना और उनके लिए नीतियां बनाना सरकारों का काम है। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया, भाजपा के पास सिर्फ कुर्सी बचाने का दृष्टिकोण है। जो मांगेगा रोजगार, उस पर होगा अत्याचार।

# सरकारी नियंत्रण से मुक्त हो हिंदू मंदिर, विश्व हिंदू परिषद चलाएगा अभियान

### सपा का आरोप- ध्यान भटकाने की कोशिश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) सरकारी नियंत्रण से मंदिरों की मुक्ति की वकालत करने के लिए 'जागरण अभियान' नामक एक अभियान शुरू कर रही है। वीएचपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि मंदिर को नियंत्रण मुक्त करना समय की मांग है। विहिप पिछले कई दशकों से यह मांग उठाती रही है। जब कोई मस्जिद, मदरसा, मजार या चर्च उनके (सरकार के) नियंत्रण में नहीं है, तो यह भेदभाव केवल मंदिरों के साथ ही क्यों है?

विनोद बंसल ने आगे कहा कि इन सबको लेकर समाज में गहरा आक्रोश है। इसलिए, विहिप ने इन मंदिरों की मुक्ति के लिए एक अभियान, जागरण अभियान शुरू करने का निर्णय लिया। हमारे संगठन के महासचिव शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले हैं, जिसमें बताएंगे कि इसका स्वरूप क्या होगा और कैसे किया जाएगा। बंसल ने यह भी उल्लेख किया कि विहिप पदाधिकारियों ने हाल ही में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं से मुलाकात कर इस मुद्दे पर समर्थन का अनुरोध किया है।

इससे पहले, विहिप ने अपना ₹सांसद संपर्क अभियान₹ चलाया, जिसके दौरान उसने मंदिरों की मुक्ति, वक्फ संशोधन विधेयक और हिंदू समाज के लिए विशेषाधिकारों के विस्तार सहित विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 350 से अधिक सांसदों से मुलाकात की। विश्व हिंदू परिषद ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान चलाए गए अपने वार्षिक सांसद संपर्क अभियान में अब तक 350 से अधिक सांसदों से संपर्क किया है और हिंदू समाज से संबंधित तीन अलग-अलग विषयों पर चर्चा की है।

समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि बीजेपी तरह-तरह के विषयों के जरिए अपनी नाकामियों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। हजारों किसानों को दिल्ली बॉर्डर पर रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई का मुद्दा है। कई पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार हैं। आरक्षण है संविधान निर्माण के 75 साल बाद भी नहीं दिया गया। सरकारी संस्थानों को निजी कंपनियों को बेचा जा रहा है। संभल मुद्दे पर चर्चा नहीं हो रही है। इन सभी विषयों पर चर्चा से बचने के लिए उन्होंने (भाजपा और विहिप) इसे उठाया है।

## संक्षेप

### मुर्गी फार्म में हुयी चोरी का खुलासा,शातिर चोर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गौरा गांव में स्थित मुर्गी फार्म में बीते मगंलवार की रात वाइट लाइन में लगी एल्यूमिनियम की फंटियो व कॉपर केबल काटकर हुयी चोरी की घटना का खुलासा करते हुये शातिर चोर मुनेष कुमार निवासी सुहागमती पुरवा थाना शिवगढ जनपद रायबरेली को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।पुलिस ने शातिर चोर के पास से मुर्गी फार्म से चुराई गयी 50किलो एल्यूमीनियम की फंटिया भी बरामद की ।इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया बीते मगंलवार की रात क्षेत्र के गौरा गांव में स्थित सुमित मैगी के मुर्गी फार्म के वाटर लाइन में लगी एल्यूमिनियम की फंटिया व कांपर केबल काटकर चोरी हो गयी थी,पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज कर 24घंटे के अंदर चोरी की घटना का खुलासा करते हुये शातिर चोर मुनेश कुमार को माल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### कार का शीशा तोड़ चोरों ने कन्ट्रोलर किया पार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।मानक नगर थाना क्षेत्र में घूम रहे बेखौफ चोरों ने बीते दो दिन पूर्व एक निजी बैंक के बाहर खडी कार का शीशा तोड़ कार के अंदर लगा कन्ट्रोलर पार कर दिया और मौके से फरार हो गए ।मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि अमरूदीबाग सिंगार नगर निवासी दिनेश कुमार वर्मा पुत्र सुन्दर लाल वर्मा के अनुसार बीते 23 नवम्बर की रात्रि करीब दस बजे उन्होंने अपनी कार संख्या यूपी 32 पी ए 4516 कानपुर रोड कैनरा बैंक के सामने खड़ी करके घर चला गया था सुबह 7.30 पर अपनी गाडी लेने आया तो देखा कि गाडी का शीश टुटा हुआ है और गाडी में कन्ट्रोलर अन्दर से चोरी हो गया है। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय मानक नगर थाना पहुंच पुलिस से लिखित शिकायत की है।पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान शातिर घायल

## कस्टडी में ले पुलिस एक अन्य साथी को भी किया गिरफ्तार

**एक तमंचा,दो जिन्दा कारतूस संग चार पहिया गाडी बरामद**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । कृष्णा नगर क्षेत्र के अलीनगर सुनहरा में दस दिन पूर्व किराये के मकान में दो बदमाशों द्वारा मोहल्ले में महिलाओ से छींटाकशी के विरोध ने एक रिटायर्ड फौजी पर फायरिंग झोंक जानलेवा हमला कर दिया जिससे फौजी बाल बाल बच गया तभी बदमाशों ने गुम्मे से फौजी का सर फोड़ धमकी देते हुए फरार हो गए और अर्धरात्रि घर में पेट्रोल बम फेक आगजनी की घटना को अंजाम दिया था ।घटना में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुटी थी वहीँ बीती अर्धरात्रि चेकिंग अभियान दौरान पुलिस ने एक बाइक सवार बदमाश को रुकने का इशारा किया तो वह बाइक घुमाकर भागने का प्रयास करने लगा और अनियंत्रित होकर गिर पड़ा और पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया जबाबी कार्यवाही में पुलिस की गोली बदमाश के बाएं पैर में जा लगी जिससे वह घायल हो गया ।पुलिस ने बदमाश को कस्टडी में ले लोकबंधु अस्पताल पहुँचाया वहीँ बदमाश की जानकारी पर पुलिस ने उसके एक और साथी को हिरासत में लेकर चारपहिया गाडी बरामद कर बदमाशों के खिलाफ कार्यवाही करने में जुटी है ।पुलिस उपायुक्त दक्षिणी पुनीत अग्रवाल ने अपने जारी बयान में बताया कि कृष्णा नगर क्षेत्र के गोल्डेन सिटी अली नगर सुनहरा में फौज से रिटायर्ड वर्तमान में विधान सभा सुरक्षा में तैनात मनोज कुमार रहते है उसी मोहल्ले में पड़ोस में किराये के मकान में मो0 समीम पुत्र स्व० जमील निवासी थवई टोला पठानी टोला, बिसवां थाना बिसवां जनपद सीतापुर व योगेश यादव उर्फ शैलेश उर्फ विक्की उर्फ विक्रम कश्यप के खिलाफ कृष्णा नगर थाने बीते 16 दिसम्बर को अवैध असलहे से फायरिंग कर जानलेवा हमला करने लहूलुहान कर धमकी देने और देररात्रि पेट्रोल बम फेक आगजनी के आरोप में नामजद मुदकमा दर्ज कराया था जिसे पुलिस टीम तलाश कर रही थी ।देररात्रि करीब 1 बजे मुखबिर से मिली सुचना पर गंगा खेड़ा अंदर पास के नीचे वाहन चेकिंग दौरान एक बाइक सवार बदमाश पारा की ओर से आता दिखा जिसे पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बदमाश पुलिस को चकमा दे गाड़ी घुमा भागने का प्रयास करने लगा और 315 बोर तमंचे से बदमाश ने पुलिस पर दो फायर कर दिया जबाबी फायरिंग में पुलिस ने सेल्फ डिफेन्स कर बदमाश पर फायर किया तो पुलिस की गोली बदमाश के बाएं पैर घुटने के निचे जा लगी जिससे बदमाश घायल हो गया जिसे प्राथमिकी उपचार के लिए लोकबंधु अस्पताल पहुँचाया गया वहीँ बदमाश ने अपने एक दूसरे साथी के इंतजार करने की जानकारी पुलिस को दी। कस्टडी में आये बदमाश की जानकारी पर दूसरे साथी आकाश गौतम पुत्र प्रहलाद, निवासी सेक्टर राजाजीपुरम, थाना तालकटोरा लखनऊ को भी गिरफ्तार कर लिया गया जिसके निशानदेही पर पारा क्षेत्र के एक गैराज से चारपहिया वाहन बरामद किया गया है।गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ लखनऊ समेत अन्य जनपदों में लूट,चोरी,डकैती समेत दुष्कर्म के दर्जनों मुकदमे दर्ज है और कई बार जेल भी जा चुके है। बदमाशों के खिलाफ दर्ज मुकदमे के अलावा पुलिस की ओर से आर्म्स एक्ट धारा की बढ़ोत्तरी कर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

# घर में दाखिल हुए बदमाशों ने दंपति को बंधक बना की लूटपाट

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।बेखौफ बदमाशों ने रात में मुख्य गेट की ग्रिल तोड़कर घर में दाखिल होकर तमंचे के बल पर दम्पत्ति को बंधक बनाकर लाखों के जेवरात व नगदी लेकर धमकाते हुए पीछे के दरवाजे से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम माधौपुर निवासी निर्मल कुमार के मुताबिक बुधवार रात करीब दो बजे उसके घर के मुख्य गेट के ग्रिल को तोड़कर घर में दाखिल हुए बेखौफ चार बदमाशों ने दम्पत्ति के आहट मचाने की कोशिश पर बदमाशों ने दम्पत्ति पर तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी देते हुए तमंचे के बल पर बदमाशों ने उन्हें बंधक बना लिया। साथ ही बदमाशों ने अलमारी का लॉकर खोलकर उसमें रखे दो सोने के हार, दो नथूनी सोने की, दो मांग टीके सोने के, दो टप सोने के, दो अंगूठी सोने की, एक हाय सोने की, एक माला सोने की, एक करधनी चांदी की, एक पाजेब चांदी का, एक हाथफूल चांदी का सहित करीब 7 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण व दस हजार रुपए की नगदी साफ कर दी। और धमकाते हुए कहा कि कहीं शिकायत की तो अंजाम अच्छा नहीं होगा।जिसके बाद बदमाश पीछे के दरवाजे से भाग गए। उसके बाद पीड़ित मदद के लिए शोर मचाने लगा जिसका शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। जिसकी सूचना पीड़ित ने पुलिस को दी जानकारी होते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मौका मुआयना किया। पीड़ित के मुताबिक उसकी मां का ऑपरेशन होने से वह एक अस्पताल में भर्ती हैं।पिता और परिवार के कई लोग उस रात अस्पताल में ही थे। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश चन्द्र साहू ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# भूतपूर्व सैनिक की मूर्ति का सपा सांसद और पूर्व विधायक ने किया अनावरण



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, बुधवार को बलसिंह खेड़ा ग्राम सभा में भूतपूर्व सैनिक स्व. शिव बरन रावत की मूर्ति का अनावरण किया गया। यह कार्यक्रम सांसद आर.के. चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह की उपस्थिति में हुआ स्व. शिव बरन रावत भारतीय सेना से नायक पद से सेवानिवृत्त हुए थे।उनका जन्म 15 मई 1962 को हुआ था और उनकी पुण्यतिथि 19 अप्रैल 2024 को थी इस विशेष अवसर पर सपा सांसद आर.के. चौधरी ने गांव में स्व. शिव बरन रावत के नाम से ऐतिहासिक प्रवेश द्वार निर्माण का वचन दिया कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक के पुत्र पवन कुमार रावत विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, नगर अध्यक्ष उमेश यादव, सेक्टर प्रभारी मो. हनीफ, जिला उपाध्यक्ष अशर्फी लाल धीमान, अनिल पासी, प्रधान विनोद वर्मा, बचान सिंह यादव, संतोष रावत, हरीशंकर रावत, शिवम् यादव गोलू प्रमोद कुमार रावत राम मिलन रावत और ग्रामवासी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे यह मूर्ति स्व. श्री रावत की बहादुरी और समर्पण को समर्पित है और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए ग्रामीणों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताया।

# खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए:अविचल शुक्ला

**निगोहां में जय जगन्नाथ स्वामी महाराज चतुर्थ क्रिकेट टूनामेंट का आगाज,युवा समाजसेवी व व्यापार मंडल अध्यक्ष नें टूनामेंट का किया शुभारम्भ**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ ।निगोहां कस्बे में बुद्धवार को जय जगन्नाथ स्वामी महाराज चतुर्थ क्रिकेट टूनामेंट का आगाज हुआ ।टूनामेंट का शुभारम्भ मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी अविचल शुक्ला व व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र दीक्षित ने जगन्नाथ स्वामी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। युवा समाजसेवी अविचल शुक्ला ने टूनामेंट में मैच खेलने आयी टीमो के खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुये पिच में उतरकर बैटिंग की ।युवा समाजसेवी अविचल शुक्ला ने कहा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए ।हारने वाले को जीतने के लिये तथा जीतने वाले को जीत बरकरार रखने के लिये खेलना चाहिए ।उन्होने कहा ग्रामीण क्षेत्रो में भी खेल प्रतिभाओ की कमी नही है ।अच्छा खिलाड़ी छोटे गांवो से ही निकलकर देश का नाम रोशन करता है ।टूनामेंट में पहला मैच कल्ली ब्रदर्स व कल्ली बिग टाइगर टीमो के बीच खेला गया जिसमें कल्ली ब्रदर्स टीम जीती.दूसरा मैच क्लासिक व एस एस इलेवन निगोहां टीमो के बीच खेला गया जिसमें एस इलेवन टीम मैच जीती ।आयोजन आशुतोष तिवारी ने मुख्य अतिथियो को फूल माला पहनाकर व अंगवस्त्र भेटकर स्वागत किया ।आयोजन आशुतोष तिवारी ने बताया छःदिवसीय क्रिकेट टूनामेंट में दर्जन भर से अधिक टीम हिस्सा लेगी,1जनवरी को क्रिकेट टूनामेंट के समापन पर विजेता व उपविजेता टीमो को ट्राफी व नगद राशि से पुरस्कृत किया जायेगा ।इस मौके पर अनादि मीडिया ग्रुप के नेशनल हेड गौतम सिंह,मनीष सिंह,प्रधान अभय दीक्षित, आलोक द्विवेदी,विनीत तिवारी,पूर्व प्रधान नीशू मिश्रा,आशीष त्रिपाठी, नवीन मिश्रा,शिवम गुप्ता,शिवम् तिवारी, सर्वेश शुक्ला,संदीप गुप्ता, अंशुल त्रिवेदी, अमित सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीएम ने ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**(डीएम को ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस के भवन में लगे बिजली के बोर्डो में जमा मिली धूल व परिसर के पिछले हिस्से में उगी मिली झाड़ियां,जतायी नाराजगी)**



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने गुरूवार को मोहनलालगंज पहुंचकर तहसील परिसर के पीछे बने ईवीएम व वीवीपैट के वेयर हाउस का सभी दलो के नेताओ के साथ निरीक्षण किया ।डीएम ने ईवीएम मशीन रखे एक रूम की सील सभी दलो के नेताओ के साथ चेक की ।इस दौरान भवन के भूतल व प्रथम तल की गैलरियों में लगे दर्जन भर बिजली के बोर्डो पर धूल जमा देख व परिसर के पिछले हिस्से में उगी झाड़ियां के जगंल को देखकर डीएम सूर्यपाल गंगवार ने नाराजगी जताते हुये मौके पर मौजूद एसडीएम व ईओ को तत्काल कर्मचारियो को लगाकर बिजली के बोर्डो की सफाई व झाड़ियों के जगंल को साफ कराने के निर्देश दिये।डीएम ने वेयर हाउस का निरीक्षण करते हुये ईवीएम व वीवीपैट रखे लॉक कमरो की सील चेक की तो सभी कमरो में सील लगी मिली।

परिसर का भ्रमण करने पर साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त मिली ।डीएम को परिसर में लगे अग्निशमन उपकरण भी निरीक्षण के दौरान दुरूस्त व कार्यशील मिले ।कन्ट्रोल रूम पहुंचकर डीएम ने सीसीटीवी कैमरे चेक किये तो सभी चलते मिलें ।वेयर हाउस के निरीक्षण के दौरान डीएम के साथ सभी प्रमुख दलो के नेता मौजूद रहे ।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी ज्योति गौतम,उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा,तहसीलदार शंशाक नाथ उपाध्याय,ईओ अंकिता देवी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सहेली संग घर से निकली किशोरी युवक संग फरार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक 17 वर्षीय किशोरी बीते शुक्रवार को घर से सहेली संग निकली थी और वह एक युवक संग फरार हो गई। जिसकी जानकारी होने पर लापता किशोरी की मां ने आरोपित युवक के खिलाफ नामजद लिखित शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित केसरी न्यू इन्द्रपुरी



निवासी नीलम पत्नी विमलेश कुमार के अनुसार बीते शुक्रवार 20 दिसम्बर की शाम करीब चार बजे उसकी 17 वर्षीय पुत्री चांदनी घर से काम बता सहेली पूजा दोनो साथ में काम के लिये निकली थी। लेकिन उनकी पुत्री की सहेली पूजा घर वापस आ गई और उनकी पुत्री चांदनी घर वापस नही आयी है।जिसपर पूजा से पूछने पर उन्हें बताया कि उनकी पुत्री चांदनी पड़ोसी विक्की पुत्र राजदेव यादव निवासी नरायणपुरी विजयनगर लखनऊ के साथ कही चली गयी है। जिसकी खोजबीन करने के बाद उन्होंने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली पहुंच स्थानीय थाने में पुलिस से नामजद लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार लापता किशोरी की मां की नामजद शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# बाघ का आतंक जारी, दो दिनों में दो जानवरों का किया शिकार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।बीते करीब चार सप्ताह से जंगल में बाघ का खौफ ग्रामीणों के बीच बना हुआ है।बीते दो दिनों में बाघ ने दो जानवरों को निशाना बनाते हुए जंगली सुअर और भैंस के पड़वे को शिकार बनाया है। बाघ का आंतक जंगल में करीब दिन 6 किमी के दायरे में बना हुआ है और लगातार एक के बाद एक जंगली जानवर का शिकार कर रहा है।लेकिन वन विभाग की टीम के हाथ खाली अभी भी बाघ उसकी गिरफ्त से दूर बाघ के न पकड़े जाने से ग्रामीणों में जहां दहशत का माहौल है। वहीं लगातार कॉम्बिंग और निगरानी कर रही टीम भी बेबस हो चुकी है। ऐसी स्थिति में अब वन विभाग हाथियों की मदद से बाघ की निगरानी करेगा। ताकि उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सके और उसे जल्द पकड़ा जा सके।

### मचान के पास बंधे पड़वे को ले गया बाघ

रहमान खेड़ा के मीठे नगर जाने वाले मार्ग पर पुलिया के पास बुधवार को बाघ ने जंगली सुअर का शिकार किया था, उसके बाद वन विभाग ने शिकार को पुलिया के पास रख कर निगरानी कर रहा है। वहीं मचान के पास शिकार किये गए पड़वे का बचा हिस्सा बाघ खींचकर ले गया और खा डाला।गुरुवार की दोपहर रहमान खेड़ा रेलवे लाइन के पास बाघ की गतिविधियां पाई गई।वन विभाग की तीन टीमें क्षेत्र में निगरानी कर रही है।

### बाघ को पकड़ने के लिए एक्सपर्ट पहुंच रहमान खेड़ा

डीएफओ डॉ सितांशु पाण्डेय ने बताया कि बाघ को पकड़ने में पीलीभीत रेंज के विशेषज्ञ डॉ दक्ष को बुलाया गया है।साथ ही हरदोई की कछौना रेंज और सीतापुर की सिधौली रेंज के कर्मचारियों को लगाया गया है।कानपुर प्राणी उद्यान से डॉ नासिर और लखनऊ से डॉ ब्रजेन्द्र मणि यादव के साथ शिकार वाली जगहों पर निगरानी की जा रही है। दुधवा नेशनल पार्क से दो हाथियों को मंगवाकर निगरानी की जाएगी।

### ग्रामीणों में बाघ की दहशत बरकरार

बीते दिसंबर माह से पहली बार बाघ के पगचिन्हों के मिलने के बाद से ग्रामीणों में दहशत अभी तक बरकरार है।पिछले छह दिनों से बाघ लगातार हमला करके शिकार कर रहा है। सबसे पहले नीलगाय का शिकार किया उसके बाद लगातार जंगली जानवर से लेकर सांढ, पड़वा और सुअर का शिकार कर चुका है।इससे ग्रामीणों में खौफ है,

# विकासखंड स्तरीय कृषि बीज भण्डार में कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज लखनऊ, कृषि सूचना तंत्र सुधारीकरण योजना अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन कृषि बीज भंडार में आज किया गया जिसमें लगभग 150 से अधिक कृषकों द्वारा प्रतिभा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विधायक अमरेश रावत द्वारा प्रतिभा किया गया साथ ही प्रधान संघ के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह के द्वारा उक्त गोष्ठी में प्रतिभा किया गया साथ ही अंजनी शुक्ला पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुधांशु सिंह सम्मिलित हुए माननीय विधायक द्वारा सोलर पंप योजना पर अनुदान विस्तृत रूप से जानकारी दी व ग्राम पंचायत स्तर पर सरकार द्वारा संचालित अनेकों योजनाओं का विस्तार से कृषकों को जानकारी प्रदान की गई इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हरिओम यादव तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि प्राविधिक सहायक सर्वेश रावत द्वारा फार्मर रजिस्ट्री पर किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई सहायक विकास अधिकारी सोमनाथ यादव द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री कुसुम योजना स्वास्थ्य कार्ड फसल बीमा आदि योजनाओं पर विस्तार से किसानो को जानकारी प्रदान की गई साथ ही मौके पर आत्मा योजना के अधिकारी अभिषेक पांडे नीरज पटेल द्वारा आत्मा योजना के बारे में जानकारी किसानों को प्रदान की गई मौके पर कृषि विभाग के अधिकारी महर्षि प्रताप सिंह कृषि रक्षा प्राविधिक सहायक सर्वेश रावत अभिनव बाबू पूजा मिश्रा गरिमा बीज भंडार प्रभारी परमजीत वर्मा द्वारा बीज भंडार पर उपलब्धियां के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

# किशोर छात्र के मौत पर सैकड़ो लोगों ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।बिजनौर थाना क्षेत्र में गुरुवार को साइकिल से पढ़ने जा रहे कक्षा 7 के छात्र कार्तिकेय मौर्य उर्फ आर्यन उम्र 14 वर्ष को तेज रफ्तार डंपर ने ठोकर मार दी।गंभीर रूप से घायल कार्तिकेय को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बिजनौर के गोल्डन सिटी, औरंगाबाद जागीर निवासी चंद्र प्रकाश मौर्य का बेटा कार्तिकेय मौर्य उर्फ आर्यन सरोजनीनगर के बेहसा, न्यू गुड़ौरा स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा 7 का छात्र था। वह सुबह करीब 7 बजे साइकिल से पढ़ने के लिए स्कूल जा रहा था।तभी औरंगाबाद अंडरपास के पास बिजनौर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ( यूपी 32 एलएन 0249 ) ने उसकी साइकिल में पीछे से जोरदार ठोकर मार दी।जिससे कार्तिकेय बुरी तरह घायल हो गया। वहीं घटना अंजाम देकर भाग रहे डंपर व उसके चालक कानपुर नगर के बिधनू थाना क्षेत्र स्थित कठेरिऊवा निवासी गोविंद सिंह कुशवाहा को स्थानीय लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया।मृत छात्र किशोर की पोस्टमार्टम के बाद देर शाम छात्र के परिजनों एवं सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोगो ने औरंगाबाद अंडरपास के नीचे छात्र का शव रख धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और मुआवजे की मांग को लेकर नारे बाजी शुरू कर दी। प्रदर्शन की सुचना पर पुलिस बल संग पहुंचे आशियाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन परिजन नहीं माने और धरना जारी रखे जिसकी सुचना अधिकारियो को दी गई।सुचना पर सरोजनीनगर तहसील से पहुंची तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव ने विधिक प्रक्रिया द्वारा शासन स्तर से वार्ता कर मुआवजे की मांग पूरी कराने का आश्वासन दे धरने को समाप्त करवाया। प्रदर्शनकारियों का यह धरना करीब एक घंटे तक चला इस दौरान बिजनौर पुलिस और आशियाना पुलिस मौके पर तैनात रही।

# सपा सांसद ने पूर्व सांसद का नाम शिलापट पर अंकित किए जाने पर उठाए सवाल

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद आर.के. चौधरी ने 26 दिसम्बर 2004 को उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर एक गंभीर मुद्दा उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोहनलालगंज क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा किए गए मरम्मत कार्यों और सड़क सुधार के शिलापट पर पूर्व सांसद कौशल किशोर का नाम अंकित किया जा रहा है सांसद ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार शिलापट पर वर्तमान निर्वाचित जनप्रतिनिधि का नाम अंकित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह सवाल उठाया कि पूर्व सांसद का नाम किस प्रावधान के तहत अंकित किया जा रहा है सांसद ने इस मामले की जांच कराने और विभागीय अभियंता के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है यह मामला अब प्रशासनिक जांच और कार्रवाई का विषय बन गया है।

# लखनऊ पब्लिक में वार्षिक मेला क्रिसमस कार्निवाल-2024 का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल (सी.पी. सिंह फाउन्डेशन) की साउथ सिटी शाखा के विद्यालय प्रांगण में वार्षिक मेला क्रिसमस कार्निवाल-2024 का आयोजन किया गया। जिसका आरम्भ प्रातः 11 बजे से हुआ ।वार्षिक मेले में गेम-शो, म्यूजिक मस्ती, सेल्फी प्वाइंट, हॉन्टेड हाउस, अनेक प्रकार के झूले एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल, मीना बाजार आकर्षण का केन्द्र-बिन्दु रहे जिसमें छात्र/छात्राओं ने अपने अभिभावकों के साथ भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए मेले का आनन्द उठाया। वार्षिक मेले में 12000 के लगभग छात्र/छात्राओं ने अपने अभिभावक एवं परिजनों के साथ मेले का आनन्द उठाया। विद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक मेले में लकी ड्रॉ कूपन भी वितरित किए गए। इन उपहारों में फ्रिज, मिक्सर ग्राइन्डर, गीजर एवं माइक्रोवेव समेत और भी कई अन्य उपहार विजेताओं में वितरित किए गए। मेगा प्राइज में विद्यालय की साउथ सिटी शाखा का छात्र शान्तनु सिंह एवं प्रथम पुरस्कार ब्रजेश कुमार और नर्सरी कक्षा के अथर्व साहू ने जीता।जिसे विद्यालय के प्रबन्धक लोकेश सिंह एवं निदेशिका रश्मि पाठक ने विजेताओं के माता-पिता को प्रदान किया। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल की सभी शाखाओं के प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य एवं शिक्षण-गण भी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### लोकगीत सोहर के संग शानदार प्रस्तुति

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। ऐतिहासिक तकिया मेला प्रांगण के प्रशासनिक कैंप में प्रसिद्ध , लोकगीत कलाकारों द्वारा लोकगीत गायन किया गया लोगों ने पुरानी परंपरा का आनंद लिय तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन से 500 मीटर की दूरी पर ऐतिहासिक हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक तकिया मेला चल रहा मेला प्रांगण में प्रशासनिक कैंप में लोकगीत कार्यक्रम का आयोजन हुआ बृहस्पतिवार को हुआ उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर लोकगीत का प्रारंभ करवाया लोकगीत गायन पल्लवी व अंजली खन्ना के द्वारा अंगना में कुइया राजा डूब के मरूंगी ' हिंडोला झूलन लगी' घरवा से निकली भौजाइया आदि सोहर कजरा नकटा अपने साज बाज के साथ गया लोगों ने कलाकारों द्वारा गाए जा रहे लोकगीत का आनंद उठाया आए हुए कलाकारों को तहसील दार अरसला नाज नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला ने प्रमाण पत्र वितरित किए गए इस मौक पर मेला सचिव सुनील कुमार दीक्षित तहसीलदार पेशकार अरुण कुमार पटेल सहित कर्मचारी गण भी उपस्थित रहे

### श्रद्धांजलि समारोह कार्यक्रम एवं काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

बीघापुर, उन्नाव। विकास खंड के ग्राम ओसियां में जन्मे पंडित लालमणि मिश्रा जो कि भारत माता के सच्चे सपूत कर्मठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे 26 दिसंबर को उनके 129 में जन्म दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया जिसमें काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया काव्य गोष्ठी में बैसवारा क्षेत्र के क्षेत्रीय कवियों को आमंत्रित किया गया उन कवियों ने अपनी कविताओं से समा बांध दिया इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार, राजनेता, पत्रकार एवं समाजसेवी भी मौजूद थे इस कार्यक्रम को पंडित लालमणि मिश्र स्मारक समिति द्वारा आयोजित किया जाता है इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगवंतनगर के विधायक आशुतोष शुक्ल ने कहा सर्वप्रथम मैं पण्डित लालमणि मिश्र जी चरणों में अश्रुपूरित श्रंद्धाजलि अर्पित करते हैं और कहा कि हमारे लिए न कोई पक्ष है न कोई विपक्ष सब अपने हैं हम हमेशा विकाश का कार्य करते रहेंगे इस स्मारक समिति के संरक्षक एवं अध्यक्ष स्मृति शेष पंडित लालमणि मिश्र के प्रपौत्र सत्य प्रकाश मिश्रा ने विधायक आशुतोष शुक्ल का माल्यार्पण कर एवं अंग वस्त्र एवं मोमेंटो भेट कर स्वागत किया एवं इस स्मारक समिति में पदाधिकारियों में आनंद मोहन द्विवेदी, श्याम बाबू सिंह, गंगासागर बाजपेई, रामकुमार यादव, कृष्ण मोहन साहू, संत रामप्रजापति, डॉ राम सजीवन साहू, कमलेश कुमार दीक्षित के द्वारा सभी कवियों का आभार व्यक्त कर आशीर्वाद लिया इस कार्यक्रम में देवी सहाय शास्त्री, गोविन्द नारायण शुक्ल,गंगा सागर बाजपेई,सूर्य कुमार तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्राम वासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# भारत के महारथी अवार्ड से हुए सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। देश की राजधानी नई दिल्ली में इंटरनेशनल बिजनेस स्टार्टअप इंटरप्रेन्योर ऐसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा एन डी एम सी कॉन्वेंशन सेंटर में आयोजित महारथियों का महाकुंभ इंडिया@ 2047 कॉन्फ्रेंस एवं भारत के महारथी सम्मान 3.0 समारोह में ट्री मैन के नाम से सुप्रसिद्ध जनपद उन्नाव के पुलिस कंट्रोल रूम व 112 आर ओ आई पी प्रभारी अनूप मिश्रा अपूर्व (सब इंस्पेक्टर) को पर्यावरण संरक्षण सरोकार एवं अभावग्रस्त बच्चों को शिक्षा के जरिये समाज की मुख्य धारा में जोड़ने में उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने के लिए ₹ भारत के महारथी सम्मान ₹ से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा और लेफ्टिनेंट जनरल ए.बी .शिवाने, आर .आर .स्वैन (पूर्व डीजीपी जम्मू कश्मीर) , मेजर डॉ हिमांशु , कर्नल मनीष आनंद , ब्रिगेडियर अरुण गुप्ता , कर्नल पीके महर्षि एवं आई बी एस ई ए चैयरमेन डॉ अंशुमान सिंह द्वारा सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र भेंट कर भारत के महारथी सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विकसित भारत में योगदान करने वाले देश के 25 राज्यों से 500 से अधिक नामचीन हस्तियों को आमंत्रित किया गया और 50 कर्मवीरों को भारत के महारथी सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने हरित भारत निर्माण हेतु स्वयं द्वारा किये जा रहे पर्यावरण संरक्षण कार्यों के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनकी रक्षा करने का संकल्प दिलाया। अनूप मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत मुहिम की परिकल्पना को साकार करने के लिए, युवाओं को आत्मनिर्भर एवं महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु अंतर्राष्ट्रीय संस्था आई बी एस ई ए के अध्यक्ष डॉ अंशुमान सिंह के अथक प्रयास 21वीं सदी के भारत को विकसित बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे। दरोगा अनूप मिश्र को मिलने वाले गौरवपूर्ण सम्मान पर पुलिस परिवार के अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य गणमान्य लोगों ने बधाई दी।


## माता रानी मंशादेवी के दरबार मे निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्धपीठ माता मंशादेवी मंदिर प्रांगण में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन विकास सिंह ठाकुर एवं अनुराग सिंह एडवोकेट द्वारा कराया गया। जहां डॉ शिवम गौड़ एवं मनीष एवं उनकी टीम द्वारा 42 मरीज का नेत्र परीक्षण किया किया गया जहां 10 मोतियाबिंद के मरीजों को कानपुर के लिए वाहन द्वारा रवाना किया गया। जिसमे 6 पुरुष एवं 4 महिला कानपुर रवाना हुवे। बताते चले कि चित्रकूट आई केयर के बैनर तले वरिष्ठ पत्रकार विकास सिँह ठाकुर एवं अनुराग सिँह एडवोकेट द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर में मोतियाबिंद का बिना ऑपरेशन निशुल्क इलाज किया जा रहा है जहां मोतियाबिंद लेंस, खाना पीना, आना जाना तथा काला चश्मा सहित सेवाएं पूरी तरह निशुल्क है। शिविर में मुख्य रूप से माता मंशारानी मेला प्रबंधक रामबकश सिंह, अवधेश सिंह फौजी, अनुराग सिंह, रामविलास विवेक सिंह रोशन, सुजीत सिंह, सोनू सिंह, विनीत आदि ने सहयोग किया।

# अधिकारियों पर सिपाही ने लगाए गंभीर आरोप

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। तैनात कॉन्स्टेबल का एक वीडियो सामने आया है।जिसमें वह अपना सुसाइड नोट पढ़ रहा है।उसने 9 पन्ने का सुसाइड नोट लिखा है। वीडियो में उसने कढर अजय पाल शर्मा और यशपाल शर्मा को गाली मारने की बात कही है।कहा, उसे रायफल ड्यूटी से हटा दिया गया है। उसने पीएम और सीएम से इच्छा मृत्यु भी मांगी है।सिपाही अखिलेश यादव जौनपुर का है।वह इस समय उन्नाव पुलिस लाइन में तैनात है। वहीं वीडियो सामने आने के बाद सीओ ने कहा कि मामले की जानकारी है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।आरक्षी अखिलेश 2018 बैच का सिपाही है। उसने एक महिला सिपाही से प्रेम प्रसंग के बाद शादी कर ली। जिसकी तैनाती सोनभद्र में थी। तब यह आरक्षी अखिलेश सोनभद्र में तैनात था।कुछ दिनों बाद में मन मुटाव होने होने लगा। इसके बाद सास ने प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायतन इसका तबादला उन्नाव कर दिया गया।पहली तैनाती उन्नाव के असोहा थाने में हुई।इसके बाद निलंबित कर दिया और पुलिस ने जेल भेज दिया।जेल से छूटने के बाद दोनों में फिर सहमति बनी और साथ रहने लगे। कुछ दिन बाद फिर विवाद हुआ। बाद में महिला सिपाही की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई।तब सास ने आत्महत्या के उकसाने का सोनभद्र के राबर्ट्सगंज में मामला दर्ज कराया और सोनभद्र से जेल भेज दिया गया। अब दोनों मुकदमे न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि सही जांच नहीं हुई है। इसको लेकर वीडियो किया है।बुधवार को सिपाही अखिलेश यादव ने वीडियो बनाया है। वीडियो में वह कह रहा है कि जाति, धर्म के हिसाब से उसकी उपेक्षा की जा रही है। उसका मानसिक और शारीरिक शोषण भी किया जा रहा है। सिपाही ने सोनभद्र के एक अधिकारी पर भी संगीन आरोप लगाए हैं। यह भी कहा कि उन्हें फर्जी रिपोर्ट लगाकर बचाया जा रहा है। किसी मामले को लेकर उनके साक्ष्य गायब किए गए हैंसिपाही ने बताया, इस मामले को लेकर उसने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और कई अधिकारियों को वीडियो और फोटो दिखाकर इसकी जानकारी दे दी थी। न्याय न मिलने पर उसने इस्तीफा लिखकर और इच्छामृत्यु की मांग की है। सिपाही ने कहा, जो मेरे साथ हुआ है वह किसी और के साथ न हो। न्याय न मिलने पर मैंने आत्महत्या की मांग रखी तो इसकी जांच उन्नाव के अधिकारी कर रहे हैं।इसमें मेरे माता-पिता का भी बयान अंकित किया गया है। कहा इस मामले में मुझे बताया गया कि लगभग 30 अधिकारी दोषी हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मुझे लगभग 9 महीने से गुमराह किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रताड़ित भी किया जा रहा है।सिपाही ने कहा, एक संगीन मामले में मैंने 172 पन्नों की रिपोर्ट बनाई है, जिसकी वीडियो भी मेरे पास है। मैंने इन बेडमानों को गोली मारने का निर्णय लिया है, लेकिन 30 लोगों को इकट्ठा नहीं मार सकता। इसलिए मैंने जौनपुर एसपी रहे अजय पाल शर्मा और सोनभद्र के एसपी यशवीर सिंह को मारने का निर्णय लिया, लेकिन मुझे रायफल की ड्यूटी से हटा दिया गया। मामले को लेकर सीओ सोनम सिंह ने कहा कि आरक्षी लाइन में तैनात है। प्रकरण संज्ञान में है। जांच की जा रही है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया क्रिसमस का पर्व

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। हर साल की तरह इस साल भी क्रिसमस का पर्व पूरे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। क्रिसमस का त्योहार विशेष रूप से बच्चों के लिए होता है और इस बार भी बच्चों ने सांता क्लॉज की रंग-बिरंगी पोशाके पहनकर कार्यक्रमों में भाग लिया।शहर के विभिन्न स्कूलों और संस्थाओं में सांता के रूप में बच्चों ने नृत्य, गीत गायन, सांता बॉल मेकिंग और क्रिसमस ट्री सजाने जैसी गतिविधियों में भाग लिया। इन कार्यक्रमों में इशी गुप्ता, सोनाली कश्यप, आरुष राव, सात्विक पांडे, अंशिका जयसवाल और आरवी पाल जैसे बच्चों ने सांता बनकर उपस्थित सभी को अपनी मासूमियत और हंसी-खुशी से मंत्रमुग्ध कर दिया।क्रिसमस के इस खास दिन पर बच्चों ने न केवल सांता क्लॉज के लाल कपड़ों का महत्व बताया, बल्कि सांता के माध्यम से लोगों को खुशियां देने का संदेश भी दिया। सांता द्वारा बच्चों को टॉफी और उपहार वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी की झलक देखने को मिली।स्कूलों और संस्थाओं में आयोजित सांता क्लॉज की प्रस्तुति बच्चों के बीच उत्साह और आनंद का माहौल उत्पन्न कर रही थी। सांता के लाल कपड़े, सफेद दाढ़ी और टोपी में बच्चों ने ऐसे अभिनय किया जैसे वे वाकई में सांता क्लॉज हों। उनके इन अद्भुत प्रदर्शनों ने दर्शकों का दिल छू लिया।इस विशेष दिन पर उन्नाव शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिसमें स्थानीय समुदाय के लोग भी बढ़-चढ़कर भाग लेते दिखाई दिए। सांता के रूप में बच्चों ने सबको यह याद दिलाया कि क्रिसमस का त्योहार केवल उपहार देने और लेने का नहीं है, बल्कि यह प्यार, खुशी और आपसी सौहार्द का प्रतीक है।

# भव्य झांकियों के साथ निकाली गई तुलसी पूजन यात्रा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव नर सेवा नारायण सेवा द्वारा पिछले सालों की भांति ही प्रांतीय मंत्री एवं प्रभारी विमल द्विवेदी की अगुवाई में भव्य तुलसी पूजन यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा शहर भगवा ध्वजों से मंच के कार्यकताओं ने पाट दिया। यात्रा में दर्जनों घोड़ों के साथ जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती झांकियों ने यात्रा को पूरी भव्यता प्रदान की।जय श्रीराम हर हर महादेव के जय घोषों के साथ ही यात्रा का नेतृत्व गजराज आगे-आगे कर रहे थे।इस दौरान आम जनमानस में 51 हजार तुलसी के पौधों का निशुल्क वितरण करने का उपक्रम पिछले एक माह से जारी है जो आज यात्रा मार्ग में भी हिन्दू जागरण मंच द्वारा किया गया। लोगों ने रुक-रुककर तुलसी के पौधे प्राप्त किये।कार्यकर्ता पिछले एक माह से जनसंपर्क के साथ तुलसी के पौधे, भारत माता के चित्र वाला कैलेंडर भी लोगों को दे रहे थे। यात्रा शहर के रामलीला मैदान से शुरू होकर आवास विकास के वृंदावन गार्डन तक गई। वहां पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया गया।इस दौरान मंच के प्रांतीय मंत्री एवं प्रभारी विमल द्विवेदी ने बताया सनातन धर्म में तुलसी एक पूज्य एवं बेहद गुणकारी पौधा है। कोरोना काल में लाखों लोगों का जीवन तुलसी के काढ़े से बचा है। लोगों को अपसंस्कृति के प्लास्टिक के पौधे घर में सजाने के बजाए तुलसी जैसे गुणकारी पौधों को हर घर मे लगाना चाहिए। भारतीय संस्कृति एक जीवंत संस्कृति है जो लाखों करोड़ों सालों से अपनी निरंतरता बनाए हुए है, जिसका कारण उसका वैज्ञानिक पक्ष है।ईसाई मिशनरियों के छल फरेब का प्रतिकार आवश्यक है अन्यथा ये घुन की तरह समाज को खा रहे है। गोवा आदि में ईसाई मिशनरियों के अत्याचार सभी जानते हैं, जहां लोगों के हाथ व हिन्दू महिलाओं के स्तन तक कटवाए गए। पुर्तगाली शासन के दौरान आज भारत स्वतंत्र है, लेकिन मिशनरियां धर्मांतरण का गंदा खेल लालच के माध्यम से सेकुलर दलों की मदद से जारी रखे हैं।उन्होंने हाल ही में धर्मांतरण पर कड़ा कानून केंद्र सरकार से बनाने की अपील की ताकि हिन्दू संस्कृति को बचाया जा सके। यात्रा में विशिष्ट अतिथियों मे सांसद साक्षी महाराज, आश्रम कानपुर, जिला प्रभारी कमलेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष अवधेश कटीयार, सांसद साक्षी महाराज, सदर विधायक पंकज गुप्ता, जिला कारवा आशीष सिंह, सभी अतिथियों का स्वागत हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अजय त्रिवेदी ने किया।

# श्री राम के दर्शन के लिए पदयात्रा कर 6 वर्षीय बालक निकला अयोध्या को

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पंजाब के एक छोटे से गांव का 6 साल का बच्चा मोहब्बत अपनी अद्भुत यात्रा के कारण चर्चा में है। यह बच्चा रोजाना 20 किलोमीटर पैदल चलकर अयोध्या की ओर बढ़ते हुए उन्नाव पहुंचा है। गुरुवार को दिन के करीब 1 बजे मोहब्बत उन्नाव पहुंचा और उसके साथ चल रहे लोग उसकी यात्रा की जानकारी देने लगे। मोहब्बत के इस साहसिक कदम ने सभी को चौंका दिया है।मोहब्बत ने अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि में दर्शन करने और वहां विशेष पूजा अर्चना करने के लिए यह पैदल यात्रा शुरू की थी। उसने अपने माता-पिता से सुना था कि अयोध्या में भगवान राम का जन्म हुआ था और वह उनके दर्शन करने का सपना देखता था। मोहब्बत रोजाना 20 किलोमीटर की यात्रा करता है और अब तक अपनी मंजिल की ओर बढ़ता जा रहा है मोहब्बत की यात्रा के बारे में जानकारी मिलने के बाद, स्थानीय लोग उसकी साहस और संकल्प की सराहना कर रहे हैं। रोटरी क्लब उन्नाव ने मोहब्बत का स्वागत किया और उसकी इस यात्रा को सलाम किया। क्लब के सदस्यों ने उसे हर संभव मदद की पेशकश की। उसकी यात्रा को और भी सुरक्षित बनाने के लिए पानी, भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई।मोहब्बत का कहना है कि उसकी यात्रा सिर्फ एक धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह उसकी आस्था, समर्पण और दृढ़ निश्चय का प्रतीक है। उसे रास्ते भर कई लोगों का सहयोग मिला, जिन्होंने उसे मार्गदर्शन दिया और उसकी यात्रा में मदद की। मोहब्बत के इस कदम से हर कोई हैरान है और लोग उसकी यात्रा को प्रेरणादायक मानते हैं।मोहब्बत ने कहा, मुझे भगवान राम का दर्शन करना है, और में यह सफर पूरा करूंगा।

# तमंचे की नोक पर बाइक सवार लुटेरों ने सर्राफा व्यापारी से जेवरात से भरा लूटा बैग

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के मुनऊखेड़ा व जपसरा गांव के बीच बाजार जा रहे सरार्फा कारोबारी को बाइक सवार लुटेरों ने तमंचा लगाकर जेवरात से भरा बैग लूटकर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और पीड़ित से जानकारी लेकर लुटेरों की तलाश ने जुटी है।बिहार थाना क्षेत्र के भगवंतनगर वार्ड नंबर दस के रहने वाले उमेश कुमार सोनी बुधवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार रायबरेली जनपद के बरवलिया अपनी स्कूटी से जा रहा था। मुनऊखेड़ा व जपसरा गांव के बीच दो बाइकों में सवार चार लुटेरों ने सरार्फा कारोबारी को पीछे से लात मारकर असंतुलित कर दिया। जब तक वह कुछ समझ कर संभल पाता, उसे पहले ही लुटेरों ने तमंचा लगाकर सोने व चांदी से भरे जेवरात का बैग लूट लिया।घटना को अंजाम देने के बाद लुटेरे रायबरेली जिला की ओर भाग निकले। सूचना के बाद पहुंची पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर व्यापारी से जानकारी लेने के बाद लुटेरों की तलाश में जुट गई है। उमेश कुमार सोनी ने बताया कि वह कारीगरी का कार्य करता है और उसके झोले में ग्राहकों के रिपेयर किए हुए तथा नए बनाए गए करीब सात लाख रुपये कीमत के सोने व चांदी के जेवरात मौजूद थे।दिनदहाड़े हुई लूट की घटना को लेकर क्षेत्र के लोगों सहित व्यापारियों में दहशत व्याप्त है। इस घटना से लगभग एक पखवाड़ा पहले देवारा नहर पुल के पास बाइक सवार दो लुटेरों ने दिनदहाड़े दम्पति के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया था।पुलिस ने अभी तीन दिन पहले दम्पत्ति से हुई लूट की घटना का खुलासा किया है।घटना को लेकर स्थानीय सरार्फा व्यवसायियों के संगठन में नाराजगी व्याप्त है। सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि वारदात की जानकारी मिली है। पीडित से पूछताछ कर लूटेरों की तलाश की जा रही है। जल्द मामले से पदार्फाश होगा।

# महाराजा बिजली पासी की धूमधाम से मनाई गई जयंती

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। अपना दल एस जनपद द्वारा अवध क्षेत्र के महा सम्राट महाराजा बिजली पासी जी की जयंती विधानसभा बांगरमऊ के हरदोई रोड स्थित कानपुर पब्लिक इण्टर कॉलेज में बुधवार को समय लगभग 12:00 बजे धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम सभी कार्यकताओं ने महाराजा बिजली पासी जी सहित अपना दल के संस्थापक बोधिसत्व यशकाई डॉङ्ग सोनेलाल पटेल जी एवं संविधान रचयिता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष लखनऊ मंडल एवं कार्यवाहक जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जी ने बताया कि अवध क्षेत्र के महाराजा जी का साम्राज्य बारह किलों के बीच में गिरा हुआ था उन्होंने किलों की मदद से अनेक राजाओं को लोहे के चने चबवा दिए उसमें से खास कन्नौज के राजा जयचंद से कई बार युद्ध हुआ परंतु जयचंद ने आल्हा और उदल की मदद से पीछे से वार करके महाराजा जी को धराशाई कर दिया। ऐसे साहसी एवं निडर हृदय सम्राट महाराजा का इतिहास सुनहरे पन्नों में हमेशा अमर रहेगा। जयंती के अवसर पर एवं अमरेश पटेल जी के जन्मदिन पर केक काटकर सभी को मिष्ठान वितरण किया। कार्यक्रम को सहकारिता मंच के जिला अध्यक्ष कौशल गुप्ता, आईटी सेल के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल आर्य एवं जिला महासचिव सुधांशु कटियार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोन अध्यक्ष विनोद कटियार तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश पाल ने किया।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्टर, युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मंगत खेड़ा के पास बाइक पर सवार दो युवकों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरा साथी बाल-बाल बच गया।घटना के मुताबिक, बाइक पर सवार राज (22) बीए का छात्र था और अशोक (24) अपने घर सिविल लाइन से मंगत खेड़ा जा रहे थे। रास्ते में पीएनसी के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें मंगत खेड़ा कस्बे स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन गंभीर हालत के कारण उन्हें वापस भेज दिया गया।इसके बाद दोनों को बिछिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने राज को मृत घोषित कर दिया। वहीं अशोक की मामूली चोटों का इलाज चल रहा है। अशोक ने बताया कि वे दोनों मंगत खेड़ा कस्बे में घूमने आए थे और घर लौटते समय यह हादसा हुआ। राज बीए का छात्र था और इन दिनों की परीक्षा दे रहा था। उसके निधन के बाद घर में कोहराम मच गया है। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था और चार बहनें भी हैं।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। साथ ही, परिजनों की तहरीर पर विधिक कार्रवाई करने की बात की जा रही है।

# धर्मांतरण की सूचना पर मौके पर पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र स्थित ग्राम खेसुआ में एक बड़े पैमाने पर धर्मांतरण के लिए आयोजित प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। इसकी जानकारी पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के जिला पदाधिकारियों को हुई, वे तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचित किया। पुलिस प्रशासन के समय पर पहुंचने के बाद प्रार्थना सभा को बंद कर दिया गया।ग्रामीणों के अनुसार, यह प्रार्थना सभा पिछले कई दिनों से चल रही थी, जिसकी जिम्मेदार महिला गांव की ही एक महिला है। उन्होंने कहा कि जब भी प्रार्थना सभा का आयोजन करती थी, तो हम लोग इसका विरोध करते थे, लेकिन शारदा और उसके परिवार के लोग हमें डराकर और मारपीट कर हमारी जमीनों पर कब्जा कर लेते थे। इसके बाद वे जबरदस्ती प्रार्थना सभा का आयोजन करते थे।ग्रामवासियों ने बताया कि महिला, उसके बेटे समेत अन्य परिवार के लोग ओर दूसरे गांव में रहने वाले उसके भाई शामिल है।इन सभी ने मिलकर गांव के लोगों को धमकाया और उनकी संपत्ति पर कब्जा किया। जब भी ग्रामीण इसका विरोध करते, तो इन लोगों द्वारा शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था और उन्हें अपने खिलाफ किसी भी कार्रवाई की अनुमति नहीं दी जाती थी।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि उन्हें किसी प्रकार की मदद नहीं मिल रही थी, लेकिन आज जैसे ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी वहां पहुंचे, उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लिया और कार्रवाई की।इस मौके पर उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सह प्रचारक शिव शंकर, विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय सह मंत्री अविनाश, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष संजय शुक्ला, जिला सह संयोजक कार्तिकेय दीक्षित, आनंद दीक्षित, और विश्व हिंदू परिषद के आरक्षक पुरोहित रत्नेश दीक्षित, दीपक शुक्ला, नारायण गिरी जी महाराज आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।इसके अलावा पुलिस प्रशासन की ओर से बिहार थाना प्रभारी और चौकी इंचार्ज पाटन भी मौके पर उपस्थित रहे और स्थिति को नियंत्रण में किया। फिलहाल अधिकारी जांच पड़ताल में जुटे है।

# बदमाश व पुलिस टीम के बीच मुठभेड़, एक घायल और एक गिरफ्तार

### तीसरा बदमाश पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। जिले के गजाधरपुर बाजार में चार नवंबर को हुई चोरी के मामले में वांछित बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई।जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी है।उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।एक बदमाश को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया।जबकि एक मौके से फरार हो गया।फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गजाधरपुर में चार नवंबर पांडेय ज्वेलर्स की दुकान में बदमाशों ने चोरी की थी। चोरी में डेढ़ किलो से अधिक चांदी, सोना समेत 20 लाख मूल्य की जेवरात बदमाश चोरी कर ले गए थे। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के निर्देशन में फखरपुर पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू की। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि बुधवार रात डेढ़ बजे बदमाशों के बाइक से वजीरगंज बाजार की तरफ जाने की सूचना मिली।जिस पर पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि पोखर की अगुवाई में थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला और एसओजी प्रभारी दिवाकर तिवारी ने घेराबंदी की। एएसपी ने बताया कि बाइक सवार तीन बदमाश जाते दिखे।पुलिस की घेराबंदी पर असलम ने अवैध तमंचा से फायरिंग कर दी।पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बौंडी थाना क्षेत्र निवासी असलम के पैर में गोली लगी।जबकि राम गांव थाना क्षेत्र निवासी अबरार को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया।वहीं फखरपुर क्षेत्र निवासी अब्दुल अजीज मौके से फरार हो गया।पुलिस ने बदमाशों के पास से 3400 रुपये नकद बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

# एक दिवसीय विशाल सत्संग समारोह का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।क्षेत्र के ग्राम बरुआ घाट बाजार में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी राजयोग केंद्र बांगरमऊ द्वारा बीते बुधवार को एक दिवसीय विशाल सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राजयोग केंद्र बिल्हौर कानपुर की ब्रम्हा कुमारी कौशल्या बहन ने आत्मा और परमात्मा के परिचय का ज्ञान कराया। उन्होंने बताया कि मैं एक चेतन शक्ति आत्मा हूं और मेरा रूप ज्योति विंदु स्वरूप है।ग्राम निहाली खेड़ा निवासिनी जिज्ञासु रामेश्वरी के आग्रह पर आयोजित सत्संग समारोह में ब्र.कु. कौशल्या बहन ने बताया कि मैं आत्मा शांत स्वरूप हूं और मेरा पिता परमात्मा शांति का सागर है। इस पंच भौतिक शरीर के अंदर जबतक आत्मा है, तबतक शरीर चेतन अवस्था में है और जब आत्मा शरीर से अलग हो जाती है, तब इस शरीर को अर्थी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि जो कर्म बार-बार किया जाता है, वहीं संस्कार बन जाता है और मृत्यु के बाद संस्कार ही साथ जाता है।राजयोग केंद्र बिलग्राम हरदोई की संचालिका ब्र.कु. पूनम बहन ने बताया कि आत्मा में मन, बुद्धि और संस्कार तीन शक्तियां होती हैं। आत्मा को सदैव सुख, शांति, प्रेम और आनंद प्राप्त करने की जिज्ञासा रहती है। चूंकि परमपिता परमात्मा सुख, शांति, प्रेम और आनंद का सागर है। इसलिए इन चारों की प्राप्तियों के लिए आत्मा का संबंध परमात्मा से जोड़ना है। बांगरमऊ केंद्र संचालिका ब्र.कु. सरला बहन ने समारोह का संचालन करते हुए बताया कि स्व परिवर्तन से ही विश्व परिवर्तन संभव है। ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू को अंतरराष्ट्रीय संस्था यूनेस्को से पुरस्कृत किया जा चुका है। फतेहपुर चौरासी इंटर कालेज के पूर्व शिक्षक मोहनलाल शास्त्री ने कहा कि विश्व में यही एकमात्र संस्था है, जहां परमात्मा पर शोधकार्य निरंतर जारी रहता है। ब्रम्हा कुमार भाई चेतन प्रताप ने कहा कि दिव्य दृष्टि, दिव्य चक्षु और दिव्य ज्ञान परमात्मा के सिवा और कोई नहीं दे सकता।समारोह समाप्ति के बाद आयोजक रामेश्वरी बहन द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। समारोह में भंते दिव्यानंद, बरुआघाट ग्राम प्रधान रामनिवास, महेश फौजी, गोपी रस्तोगी, ब्रजेश द्विवेदी, नरेंद्र यादव, रमेश कनौजिया, सरस कटियार, कैलाश कटियार, बलवीर सिंह, रामदास यादव, हरि स्वरूप, अरुणा सिंह, किरण गुप्ता, उमा कनौजिया, कमला गुप्ता, गोमती यादव, राम औतार, अरुणा, माधुरी, रामशंकर, रामपाल, उमा गुप्ता, किरन गुप्ता व रामसनेही आदि सहित हजारों जिज्ञासु शामिल रहे।

## सम्पादकीय

# नई उड़ान भरने को तैयार भारत-कुवैत

पश्चिम एशिया (मध्य पूर्व) में जारी संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो दिवसीय कुवैत यात्रा कूटनीतिक नजरिये से महत्वपूर्ण है। केंद्र में जब से पीएम मोदी की सरकार आई है, तब से भारत मध्य पूर्व व खाड़ी के अरब देशों के साथ अपने संबंधों को काफी तवज्जो दे रहा है। इसी कड़ी में पीएम कुवैत गए। कुवैत की इस यात्रा को जोड़ दें तो यह चौदहवीं बार होगा जब पीएम मोदी अरब के किसी देश का दौरा कर रहे हैं। इससे पहले वह दो बार कतर और सऊदी अरब, एक बार ओमान और बहरीन, जबकि सात बार संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा कर चुके हैं। ऊर्जा सुरक्षा व निवेश के मद्देनजर पीएम अरब देशों को साध रहे हैं। पीएम मोदी को कुवैत के सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित कर अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने भारत के साथ अपने रिश्ते की अहमियत को रेखांकित किया है। पीएम के इस दौरे के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि, फिनटेक, बुनियादी ढांचे और सुरक्षा क्षेत्र में संबंधों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। तेल और गैस क्षेत्र में पहले से ही ट्रेड हो रहे हैं। दस लाख से अधिक भारतीय प्रवासी कुवैत में रहते हैं। यह कुवैत की आबादी में 21 प्रतिशत के साथ सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। कुवैत की कुल वर्कफोर्स में भारतीय समुदाय की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक है। दोनों देशों के बीच दस अरब डॉलर से अधिक का आपसी व्यापार है। कुवैत, भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता है, जो देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को तीन प्रतिशत तक पूरा करता है। भारत और कुवैत के रिश्ते दोनों देशों की आज़ादी से काफी पुराने रहे हैं। 1961 में भारत उन पहले देशों में शामिल था जिन्होंने कुवैत के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। 1961 तक कुवैत में भारत का रुपया चलता था। बीते दो दशकों में भारत की व्यापक आर्थिक प्रगति और तकनीक, रक्षा जैसे क्षेत्र में बढ़ती क्षमताओं ने भारत-कुवैत संबंधों को आगे बढ़ाने में काफी मदद दी है। भारत के बढ़ते क्षेत्रीय प्रभाव ने भी इसमें अपनी अहम भूमिका निभाई है। भारत में कुवैत के संस्थागत निवेशकों का करीब 15 अरब डॉलर का निवेश है। भारत की भी एलएंडटी, शापूरजी पलोनजी, कल्पतरु, केईसी, ईआईएल, मेघा, अशोक लेलैंड, विप्रो, टाटा समूह, टीसीआईएल और किर्लोस्कर, एलआईसी, न्यू इंडिया इंश्योरेंस, ओरिएंटल इंश्योरेंस जैसी कंपनियां कुवैत में सक्रिय हैं। कुवैत के पास 105 अरब बैरल से अधिक का तेल है जो दुनिया में छठा सबसे बड़ा तेल भंडार है। कुवैत के सॉवरिन फंड के पास करीब एक खरब डॉलर के निवेश हैं। ऐसे में भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अगस्त में कुवैत गए थे। सितंबर में पीएम मोदी की मुलाकात न्यूयॉर्क में कुवैत के क्राउन प्रिंस से हुई थी। दिसंबर की शुरुआत में कुवैत के विदेश मंत्री भी भारत आए थे। बीते कुछ माह में हुआ यह सक्रिय संपर्क बताता है कि भारत और कुवैत के रिश्ते अब एक नई उड़ान के लिए तैयार हैं। इस कड़ी में सात नए कार्य समूह बनाए गए हैं जिसमें व्यापार, निवेश, सुरक्षा, रक्षा, शिक्षा, कौशल विकास, खाद्य सुरक्षा, कृषि और कौंसुलर मामलों जैसे विषय शामिल हैं। यह भारत और कुवैत के बीच पहले से मौजूद तेल, श्रमिक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यसमूहों के अतिरिक्त हैं। मोदी काल के दौरान भारतीय विदेश नीति में मध्य पूर्व के अरब देश सबसे अहम रणनीतिक और कूटनीतिक प्राथमिकता के रूप में उभर रहे हैं। इस यात्रा के बाद से भारत व कुवैत के संबंध और मजबूत होंगे।



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# विकास व महंगाई में संतुलन की चुनौती

इस समय देश में महंगाई की चुनौती और सुस्त विकास का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। हाल ही में 12 दिसंबर को सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दर बीते महीने नवंबर में 5 .48 प्रतिशत रही। अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6 .21 प्रतिशत थी। इसी प्रकार नवंबर में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 1.89 प्रतिशत पर आ गई, जोकि अक्टूबर में 2.36 प्रतिशत थी। यद्यपि महंगाई दर में कमी आई है, फिर भी अभी यह रिजर्व बैंक के महंगाई के निर्धारित दायरे से अधिक है। रिजर्व बैंक ने रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6 .5 प्रतिशत पर बरकरार रखा।

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक के नव नियुक्त 26वें गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अपना पदभार संभालने के बाद 20 दिसंबर को गुवाहाटी में आयोजित रिजर्व बैंक बोर्ड की की बैठक की अध्यक्षता करते हुए वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस समय उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती विकास और बढ़ी हुई महंगाई के बीच संतुलन बनाने की है। ऐसे में वे महंगाई नियंत्रण और विकास दर के बीच उपयुक्त संतुलन बनाने की डगर पर आगे बढ़ेंगे। गौरतलब है कि इस समय देश में महंगाई की चुनौती और सुस्त विकास का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।

हाल ही में 12 दिसंबर को सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दर बीते महीने नवंबर में 5.48 प्रतिशत रही। इससे पहले अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6.21 प्रतिशत थी। इसी प्रकार नवंबर में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 1.89 प्रतिशत पर आ गई, जोकि अक्टूबर में 2.36 प्रतिशत थी। यद्यपि महंगाई दर में कमी आई है, फिर भी अभी यह रिजर्व बैंक के महंगाई के निर्धारित दायरे से अधिक है। बीते दिनों राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि इसके पहले अप्रैल से जून की पहली तिमाही में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस सुस्त विकास दर के परिदृश्य से प्रभावित हुए बिना हाल ही में 6 दिसंबर को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में विकास दर बढ़ाने के लिए ब्याज दर में कमी नहीं करते हुए महंगाई नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने लगातार 11वीं बार ब्याज दर यानी नीतिगत दर (रेपो) में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर कमर्शियल बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इस दर का उपयोग करता है। हालांकि अर्थव्यवस्था में नकदी बढ़ाने के मकसद से रिजर्व बैंक ने कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) को 4.5 प्रतिशत से घटाकर चार प्रतिशत कर दिया। इस कदम से बैंकों में 1.16 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में आरबीआई ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के अनुमान को भी 4.5 प्रतिशत बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास ने दिसंबर 2024 की मौद्रिक नीति के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में कहा था कि निकट भविष्य में, कुछ नरमी के बावजूद, खाद्य कीमतों पर दबाव बने रहने से चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मुख्य महंगाई के ऊंचे स्तर पर बने रहने की संभावना है। उन्होंने कहा था कि महंगाई के मद्देनजर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अभी बांड प्रतिफल में वृद्धि, जिंस कीमतों में उतार-चढ़ाव और



बढ़ते भू राजनीतिक जोखिम जैसी कई तरह की बाधाएं हैं। साथ ही आयात शुल्क में वृद्धि और वैश्विक कीमतों में वृद्धि के बाद घरेलू खाद्य तेल की कीमतों की बदलती दिशा पर बारीकी से नजर रखने की जरूरत है। दास ने कहा था कि रिकॉर्ड खरीफ उत्पादन के अनुमान से चावल और तुअर दाल की बढ़ी हुई कीमतों में राहत मिलेगी। सब्जियों की कीमतों में भी सुधार की उम्मीद है। आगे चलकर, खाद्य मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने के लिए एक अच्छा रबी सीजन महत्वपूर्ण होगा। प्रारंभिक संकेत पर्याप्त मिट्टी की नमी और जलाशय के स्तर की ओर इशारा करते हैं, जो रबी की बुवाई के लिए अनुकूल है। ऐसे में चालू वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में विकास दर बढ़ने की उम्मीद है। वस्तुतः पिछले दो महीनों में महंगाई दर के बढ़ने की स्थिति आश्चर्यचकित करने वाली रही है। पिछले माह आरबीआई ने 2 से 11 नवंबर, 2024 को परिवारों को महंगाई को लेकर कैसी उम्मीदें हैं, इस विषय पर सर्वेक्षण कराया था। सर्वेक्षण से यह अंदाजा मिलता है कि सितंबर 2024 के चरण की तुलना में नवंबर के सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों में एक बड़े वर्ग को ऐसा लगता है कि नए साल 2025 में कीमतें और महंगाई दोनों ही बढ़ेंगी। यह बढ़ोतरी मुख्य तौर पर खाद्य वस्तुओं और घर से जुड़े खर्चों के बढ़ते दबाव की वजह से होगी। इस बीच उपभोक्ता आत्मविश्वास सर्वेक्षण से यह अंदाजा मिला है कि सर्वेक्षण के प्रतिभागियों की मौजूदा कमाई की धारणा में भले ही कमी आई हो लेकिन उन्हें इस बात की बड़ी उम्मीद है कि भविष्य में आमदनी बढ़ेगी, रोजगार की स्थिति में भी सुधार आएगा। हाल ही में वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में भारत में महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की सराहना की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई में कम अवधि की तेजी के बावजूद आने वाले महीनों में महंगाई दर रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित लक्ष्य की ओर पहुंचेगी, क्योंकि ज्यादा बोआई और पर्याप्त अनाज भंडार के कारण कीमतों में कमी आएगी। चूंकि भू राजनीतिक तनावों और मौसम की स्थिति खराब होने पर महंगाई दर बढ़ने की जोखिम भी बनी हुई है, अतएव इसी कारण नीतिगत ढील को लेकर रिजर्व बैंक सावधानी बरत रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में महंगाई के बीच भी अर्थव्यवस्था अच्छे दौर में है। रेटिंग एजेंसी ने वर्ष 2024 में भारत की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। उसके बाद 2025 और 2026 में क्रमशः 6.6 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है।

इसी तरह वैश्विक साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत में खाद्य पदार्थों की बढ़ती हुई कीमतों से महंगाई बढ़ी है, लेकिन जिस तरह भारत में आपूर्ति क्षमता काफी तेजी से बढ़ रही है, उससे महंगाई के दबाव को काबू करने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि आरबीआई की मौद्रिक नीति से आरबीआई महंगाई को लक्ष्य के अनुरूप नियंत्रित करने में सक्षम होगा। निस्संदेह खाद्य पदार्थों की महंगाई रोकने के लिए सरकार द्वारा तात्कालिक उपायों के साथ दीर्घकालीन उपायों पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी होगा। इस समय ग्रामीण भारत में जल्द खराब होने वाले ऐसे कृषि उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला बेहतर करने पर प्राथमिकता से काम करना होगा, जिनकी खाद्य महंगाई के उतार-चढ़ाव में ज्यादा भूमिका होती है। ऐसे में सरकार को खाद्य उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ कृषि उपज की बर्बादी को रोकने के बहुआयामी प्रयासों के तहत खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग की कारगर व्यवस्था की डगर पर बढ़ना होगा। उम्मीद करें कि रिजर्व बैंक के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा सरकार के साथ विभिन्न समन्वित रणनीतिक प्रयासों से देश में महंगाई को नियंत्रित करने और सुस्त विकास दर को बढ़ाने के परिप्रेक्ष्य में नई रणनीति के साथ आगे बढ़ेंगे।

## किसान दिवस


रवि शंकर



# किसानों को संकट से उबारने की जरूरत

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसान न केवल बदहाली का जीवन जीने को मजबूर हो बल्कि आत्महत्या जैसा भयावह कदम उठाने तक को मजबूर हो जाए तो देश के विकास का सपना बेमानी लगने लगता है। इसका एक कारण सरकार को जितना किसानों की सुध लेना लेना चाहिए, वो नहीं ली और दूसरा गांवों में विकास कार्य जिस गति से होना चाहिए, वो नहीं हुआ। गौर करने वाली बात ये है कि हमारे देश में अब भी किसानों की औसत आय इतनी कम है इससे उनका भरण-पोषण नहीं हो सकता। ये विडंबना ही कही जाएगी कि भारत में अन्नदाताओं की इनकम चपरासी से भी कम है। सरकार की तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद देश के किसानों की हालत में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। उनकी इस बदहाली के पीछे कहीं न कहीं सरकार की नीतियां ही जिम्मेदार हैं जहां कृषि को कभी भी देश के विकास की मुख्यधारा का मानक समझा ही नहीं गया। बीज और खाद आदि के नाम पर छिटपुट सब्सिडी और कृषि ऋण के अलावा किसानों के लिए आज भी कोई विशेष सरकारी सुविधा नहीं है। यही वजह है कि किसानों के सामने हमेशा संकट बना रहता है। प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी कारण से फसल बर्बाद हो गई तो खेती के लिए लिया गया कर्ज न चुका पाने के कारण किसानों के सामने रोटी के भी लाले पड़ जाते हैं और निराशा आत्महत्या तक ले जाती है। ऐसे में सवाल ये है कि आखिर किसानों को बार-बार दिल्ली क्यों कूच करना पड़ता है? गौरतलब है कि किसान संगठन अपनी मांगों को लेकर तीसरी बार देश की राजधानी दिल्ली की ओर कूच कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि सरकार उनकी मांगों को मानना ही नहीं चाहती। देश की राजधानी में तीसरी बार हो रहे, इस किसान आंदोलन के औचित्य को लेकर पहले भी कई सवाल उठते रहे हैं, लेकिन हाल में देश के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री से जवाब तलब कर नई सनसनी फैला दी कि किसानों की मांगों को लेकर आखिर सरकार कर क्या रही है? गौरतलब है कि भारत में तकरीबन 60 फीसदी आबादी कृषि से जुड़ी है। बेशक कृषि क्षेत्र के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गईं, लेकिन उसका क्रियान्वयन ठीक ढंग से नहीं किया गया। अक्सर ये बात कही जाती है कि हमारी अर्थव्यवस्था सबसे चमकदार अर्थव्यवस्थाओं में एक है। लेकिन चमकदार अर्थव्यवस्था में इस दाग को सरकार नहीं मिटा पाती कि दुनिया में सबसे ज्यादा कुपोषण से मरने वाले बच्चों की संख्या भारत में ही है। ये एक सच्चाई है जिसे कोई सरकार स्वीकार करना नहीं चाहेगी। भले, ऊंची विकास दर अर्थव्यवस्था की गतिशीलता का पैमाना हो, मगर खाद्य असुरक्षा को लेकर कृषि प्रधान देश की ऐसी दुर्दशा निश्चित ही गंभीर बात है। वहीं भारत की आबादी एक अरब 41 करोड़ से ऊपर जा चुकी है। द मिलेनियम प्रोजेक्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि सन् 2040 तक भारत की आबादी लगभग एक अरब 57 करोड़ हो जाएगी। ऐसे में सभी को भोजन मुहैया करना एक बड़ी चुनौती होगी। हकीकत यह है कि अगर इस देश में सभी लोग दो जून भरपेट भोजन करने लगें तो देश में अनाज की भारी किल्लत पैदा हो जाएगी। असल में कृषि क्षेत्र जिस घोर संकट में फंसा हुआ है, उसका एक बड़ा कारण किसानों को उसके फसल का वाजिब मूल नहीं मिल रहा है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि कृषि प्रधान देश भारत में कृषि और किसान कितनी मुश्किलों से गुजर रहे हैं, यह जानने के लिए तो किसी अध्ययन या शोध की जरूरत सरकार को नहीं होनी चाहिए। अगर भारतीय कृषि और किसान को गहरे संकट से उबारना है, तो कुछ बड़े और कड़े फैसले सरकार को करने पड़ेंगे। भले पिछले दशक में कृषि क्षेत्र के लिए ऋण में चाहे जितना इजाफा किया गया हो लेकिन आज भी छोटे और सीमांत किसान अपनी जरूरतों की पूर्ति के लिए सेठ-साहूकारों की ही मदद लेते हैं। ऐसा लगता है कि बैंकों की ऋण सुविधाओं का अधिकतर लाभ भी वही किसान उठा रहे हैं जो कर्ज चुकाने की स्थिति में हैं। यदि किसानों को खेती से लाभ दिलाने के लिए दीर्घकालिक उपायों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया

# शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित

दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

# गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित

प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्याधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्याधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### किसान मायूस क्यों हैं?

इस बार आसमान से पानी नहीं बरसा, पर किसानों की मेहनत पर जरूर पानी फिर गया है। किसानों ने मेहनत से गेहूं की फसल की रोपाई तो की, पर बारिश पर आश्रित किसान बारिश न होने से मायूस है। बारिश के अभाव में और देर से होने वाली बारिश के कारण गेहूं के दाने छोटे आकार में रह सकते हैं, जिससे उत्पादन में भी गिरावट आने की संभावना है। छोटे दाने गेहूं की गुणवत्ता को भी प्रभावित करते हैं। समय पर बारिश न होने के कारण किसान चिंतित दिखाई दे रहे हैं। इस सूखे का असर सिर्फ किसानों पर ही नहीं पड़ेगा, बल्कि गेहूं की कमी से कीमतें बढ़ेगी और आम आदमी की रसोई के बजट पर भी इसका असर पड़ेगा। खाद्य सुरक्षा योजनाएं भी प्रभावित होंगी। इन सभी समस्याओं से निपटने के लिए सरकार को अभी से कमर कस लेनी चाहिए। *– संतोष सोनी, अंबिकापुर*

## करंट अफेयर

# अल्बानिया में एक साल के लिए टिकटॉक हुआ बंद


अल्बानिया के प्रधानमंत्री ने वीडियो सेवा 'टिकटॉक' पर खासकर बच्चों में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए उसे एक साल के लिए बंद किए जाने की शनिवार को घोषणा की। अल्बानियाई अधिकारियों ने नवंबर के मध्य में टिकटॉक पर शुरू हुए झगड़े के बाद एक किशोर की दूसरे किशोर द्वारा चाकू घोंपकर हत्या किए जाने की घटना के बाद शिक्षकों और अभिभावकों के साथ 1,300 बैठक कीं। प्रधानमंत्री एडी रामा ने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ एक बैठक में कहा कि टिकटॉक 'सभी के लिए पूरी तरह से बंद किया जाएगा... अल्बानिया गणराज्य में टिकटॉक उपलब्ध नहीं होगा।




## ऑफ बीट

# आपके बलगम का रंग बताएगा आपकी सेहत

क्या आपने कभी सोचा है कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके बलगम का रंग अलग क्यों होता है? शायद आप यह सवाल पूछने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं।



वास्तव में कई कारण हैं कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके नाक के बलगम का रंग बदल जाता है। नाक के बलगम का रंग और गाढ़ापन आपकी रोग प्रतिरोध प्रणाली के बारे में रोचक जानकारी दे सकता है, और यह भी बता सकता है कि आपका शरीर बीमारियों के प्रति कैसे प्रतिक्रिया करता है। बलगम हमारे नाक के मार्ग में स्थित ऊतकों द्वारा निर्मित होता है। अक्सर इसे केवल एक दिक्कत के रूप में देखा जाता है, लेकिन बलगम एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## ट्रेंड

### रण उत्सव में जरूर आएं



कच्छ की परंपरा, संस्कृति और विरासत का प्रतीक रण उत्सव हर किसी का मन मोह लेने वाला है। अद्भुत क्राफ्ट बाजार हो, सांस्कृतिक कार्यक्रम या फिर खान-पान की परंपरा, यहां का आपका हर अनुभव अविस्मरणीय बन जाएगा। आप से आग्रह है कि एक बार रण उत्सव में जरूर आएं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### ब्रू रियांग लोगों का दर्द



त्रिपुरा पर लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट सरकारों ने ब्रू रियांग लोगों के दर्द को कभी नहीं देखा; मोदी जी ने इन लोगों के दर्द को देखा, समझा और दूर करने का काम किया।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### हार्दिक शुभकामनाएं



वाह ! सुशीला बिटिया, आपकी अद्भुत गेंदबाजी, आपकी मेहनत देखकर बहुत प्रसन्नता हुई।खिलाड़ियों के लिए और अधिक आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। मैं, आपके उज्ज्वल और स्वर्णिम भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

**- क. राज्यवर्धन राठौड़, भाजपा प्रवक्ता**

### हवन करना जरूरी



तन और मन की शुद्धि के साथ -साथ अपने आसपास की नकारात्मकता भी खत्म हो जाती है इसलिए हवन जरूर करते रहना चाहिए।

**-मनु भाकर, भारतीय शूटर**

संक्षेप

## बांदा में युवती की हत्या का खुलासा

**मौसेरा भाई गिरफ्तार, सगा भाई और मामा फरार; तीनों ने मिलकर की थी हत्या**

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा पुलिस ने थाना बबेरु क्षेत्र में मिली एक युवती के शव की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने घटना में शामिल मृतका के मौसेरे भाई शिवप्रताप सिंह उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया है। वहीं, मृतका का सगा भाई और मामा अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। थाना बबेरु क्षेत्र के मुरवल गांव के पास गड़रा नदी पुल के नीचे एक युवती का शव मिला था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की। सघन पूछताछ और सर्विलांस की मदद से पुलिस को इस हत्याकांड के सुराग मिले। गिरफ्तार अभियुक्त शिवप्रताप ने पूछताछ में बताया कि मृतका उसकी मौसेरी बहन थी और उसका एक शादीशुदा व्यक्ति से प्रेम संबंध था ।इस रिश्ते का परिवार ने विरोध किया, लेकिन युवती नहीं मानी। इसी के चलते 18 दिसंबर की रात गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई और शव को गड़रा नदी पुल के नीचे फेंक दिया गया। इस घटना में मृतका का सगा भाई और मामा भी शामिल थे। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम लगातार दबिश दे रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ जिले में सख्त अभियान चलाया जा रहा है। युवती की हत्या के मामले में गिरफ्तार शिवप्रताप से पूछताछ जारी है, जबकि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अमरोहा में कार सवारों ने किया जानलेवा स्टंट

**वीडियो वायरल, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी**

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा के बिजनौर रोड पर युवकों द्वारा कारों से खतरनाक स्टंट करने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि कई युवक चलती कारों की खिड़कियों पर बैठकर और सिर बाहर निकालकर जान जोखिम में डालते हुए स्टंट कर रहे हैं। यह घटना की बताई जा रही है। बता दें कि अमरोहा जिले भर में आए दिन स्टंटबाजी के नए नए मामले सामने आ रहे है। हालांकि पुलिस द्वारा स्टंटबाजो के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है, लेकिन स्टंटबाज है कि मानने को तैयार नहीं है। अब फिर से स्टंटबाजी का नया मामला सामने आया है। अमरोहा नगर कोतवाली इलाके में बिजनौर रोड का है, जहां कई दौड़ती कारों की खिड़कियों पर बैठकर कई युवाओं ने सिर कार से बाहर निकालकर जानलेवा स्टंट किया। साथ ही बिजनौर मार्ग पर जमकर हुड़दंग काटा। वायरल हुआ वीडियो बीती रात का बताया जा रहा है ।वीडियो सामने आने के बाद यातायात और नगर कोतवाली पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# विद्यार्थियों को दी गई फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम पर संचालित फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना का जागरूकता कार्यक्रम शकुंतला मेमोरियल एजुकेशन इंस्टीट्यूट चिलवरिया बहराइच में मोबिलाइजेशन आफ कॉलेज स्टूडेंट्स के तहत इन सीटू फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना पर 175 छात्र एवं छात्राओं को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. संदीप कुमार कन्नौजिया के दिशा निर्देशन में किया गया। प्रश्नोत्तरी और निबंध कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. संदीप ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) जुताई कार्यों की आवृत्ति और तीव्रता को कम करने और पिछली कटाई से बचे हुए अवशेष की मात्रा को मिट्टी में प्रबंध करने की एक रणनीति है। जिसका लक्ष्य मिट्टी और पानी की गुणवत्ता को संरक्षित करना है। डा. शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन से इनपुट लागत में कमी आती है। निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में क्रमशः अभय कुमार गौतम, सौम्या, देवेन्द्र कुमार यादव और स्वाति सिंह, आकाश मिश्रा और मोहन मिश्रा को क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। शकुंतला मेमोरियल एजुकेशन इंस्टीट्यूट चिलवरिया के प्राचार्य डॉ. संजय चौधरी, डा अजय यादव, डा. रामदेव पाठक, डॉ निर्भय सिंह, प्रताप नारायण, अरविंद कुमार वर्मा, सत्य प्रकाश जायसवाल, अनूप कुमार यादव, सौम्या रस्तोगी और आयशा अजीम समेत कॉलेज के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रथम पुण्यतिथि पर याद किए गए स्व.राजेंद्र पाण्डेय



अमन लेखनी समाचार

बांसडीह (बलिया) ।सपा के पूर्व जिला सचिव बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के भीखपुर निवासी राजेंद्र पाण्डेय की प्रथम पुण्यतिथि उनके आवास पर गुरुवार के दिन मनायी गयी।

बीते वर्ष लखनऊ में एक सड़क दुर्घटना में पूर्व जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव के साथ घायल होने के बाद उपचार के दौरान निधन हो गया था ।इस मौके पर जुटे लोगो ने नम आंखो से चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी ।वक्ताओ ने कहा कि उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद स्व. पाण्डेय नौकरी करने के बजाय अपना पूरा जीवन समाज के नाम समर्पित कर दिया। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालो में समाजसेवी अजय ओझा, राजकुमार, अशोक, नीरज, छोटू, आवधबिहारी, दिनेश, हरिहर, दयानंद, नीतू सिंह, कंचन सिंह, शिवपाल यादव, अतुल, पंकज, अम्बुज, रवि राय, पप्पू, रिशु, विशाल, आखिलेश, निशांत पांडेय, अरविंद पाण्डेय, दिलीप, अंकुर पाण्डेय, अंकित आदि शामिल रहे।

# राजकीय हाईस्कूल राजापुर कला के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षिक भ्रमण



**बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पार्क व विश्वविद्यालय का किया भ्रमण**

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। विकासखंड बलहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत राजापुर कला में स्थित राजकीय हाई स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण पर लखनऊ ले जाया गया जहां पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पार्क, लखनऊ विश्वविद्यालय भ्रमण कराया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में जानकारी दी। विश्वविद्यालय में भ्रमण कर विद्यार्थियों ने शिक्षा के संबंध में जानकारी ली। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश, शिक्षक ओमपाल गंगवार, विरेन्द्र वर्मा, पुष्पेन्द्र कुमार सहित काफी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# कलाम फाउंडेशन का मना पांचवा स्थापना दिवस समारोह



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई सामाजिक संस्था कलाम फाउंडेशन का पांचवा स्थापना दिवस एक भव्य सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संध्या के रूप में बहराइच स्थित विजय लॉन में मनाया गया। अपने स्थापना दिवस के अवसर पर एक नई पहल करते हुए कलाम फाउंडेशन ने ₹बहराइच स्मारिका₹ के नाम से एक पत्रिका का प्रारंभ किया। इस पत्रिका में शिक्षा, साहित्य एवं विधि के क्षेत्र से जुड़े हुए लगभग 40 वरिष्ठ बुद्धिजीवियों का जीवन परिचय प्रकाशित किया गया है। पत्रिका के विमोचन के दौरान वरिष्ठ साहित्यकार राम सँवारे द्विवेदी चातक, शिक्षाविद डॉक्टर गणेश प्रसाद, डॉ सुधा सिंह, प्रोफेसर राजेश्वर सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता योगेश कालिया, वरिष्ठ अधिवक्ता राम छबीले शुक्ला, वरिष्ट शिक्षिका विंध्यवासिनी त्रिपाठी, वरिष्ठ समाजसेवी योगेंद्र मणि त्रिपाठी, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ नरेश मायर, वरिष्ठ अधिवक्ता शकील किदवई, बनवारी लाल गुप्ता, बार एसोसिएशन बहराइच के वर्तमान अध्यक्ष रामजी बाजपेई एवं महामंत्री बालू मिश्रा के साथ-साथ तमाम वरिष्ठ बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

# महिला आयोग की सदस्य ने थाना कैसरगंज का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद के 02 दिवसीय भ्रमण पर आयीं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजु प्रजापति ने बुधवार को थाना कैसरगंज का निरीक्षण कर भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी के अवसर पर अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण श्रद्धांजलि अर्पित की। थाना कैसरगंज के निरीक्षण के दौरान श्रीमती प्रजापति ने महिला आरक्षियों से वार्ता की तथा महिला हेल्प डेस्क से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन शिकायतों के निस्तारण हेतु की गई कार्यवाही का जायजा लिया। इस अवसर पर थाना कैसरगंज के प्रभारी निरीक्षण हरेन्द्र कुमार मिश्रा, निरीक्षक अपराध संजीव पाल, वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रकाश चन्द्र शर्मा व जिला प्राबेशन अधिकारी विनोद राय सहित व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# क्रिसमस डे पर आयोजित कार्यक्रम में की गयी प्रार्थना

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। लव ऑफ गॉड मिनिस्टरी सफीपुर के तत्वाधान में देव मैरिज लान में क्रिसमस का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें भारी संख्या मे लोगों ने भाग लिया। पादरी सहदेव प्रसाद के द्वारा प्रार्थना करके कार्यकम की शुरूआत की गई और उसके बाद नीरज विमल की अगुवाई में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें निम्न भजन श्शोर दुनिया में हो गया आज पैदा मसीह हो गया झूमों नाचो खुशी से आज, यीशु पैदा हुआ' आदि भजनों को गाकर भक्तगणों ने आनन्द लिया। उसके बाद यीशु के जन्म दिन पर छोटे बच्चों ने कार्यकम की प्रस्तुति दी और सजीव मंचन किया जिसमें सलोमी ने मरियम एवं राखी ने यूसुफ का रोल अदा किया उक्त आयोजन में सभी के लिए प्रार्थना की गई और देश की शांति के लिए भी प्रार्थना की गई और उपस्थिति लोगों के लिए भण्डारे का आयोजन किया गया जिसका स्वाद भक्तगणों ने उठाया इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रईश खान पप्पू, सम्बोधित किया और कहा आज का दिन अपने आप मे ऐतिहासिक है ।सबको भाईचारे से मिलकर एक दूसरे की खुशी में शामिल होना चाहिए!

# घरौनियों का डिजिटल वितरण करेंगे प्रधानमंत्री




- **केडीसी में होगा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण**
- **तहसील व ब्लाक मुख्यालय पर भी होगा सजीव प्रसारण**
- **सभी ग्राम पंचायतों में होगा घरौनी वितरण**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 27 दिसम्बर 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वामित्व योजना के अन्तर्गत तैयार की गई घरौनियों का डिजिटल वितरण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि जनपद स्तर पर स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच तथा सभी तहसीलों व विकास खण्डों के साथ-साथ सभी ग्राम पंचायतों में भी दोपहर 12:00 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लाभार्थियों को घरौनियों का वितरण किया जाएगा। सम्पूर्ण जनपद में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा घरौनियों के डिजिटल वितरण का सजीव प्रसारण किया जाएगा। इसके पश्चात लाभार्थियों को घरौनियों का मूल रूप में वितरण किया जायेगा।

# 120 साल पुराने मंदिर पर कब्जे का आरोप

**ग्रामीणों ने की प्रशासन से कार्रवाई की मांग, एसडीएम ने तहसीलदार को दिए आदेश**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, संभल के बाद अमेठी में 120 वर्ष पुराने प्राचीन शिव मंदिर में कब्जा करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल एसडीएम ने पूरे मामले की जांच तहसीलदार से करवाने की बात कही है। दरअसल ये पूरा मामला मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के औरंगाबाद गांव का है। यहां गांव में स्थित 120 साल पुराने पंच शिखर शिव मंदिर को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि विशेष समुदाय के कुछ लोगों ने मंदिर पर कब्जा कर रखा है और पिछले 20 वर्षों से पूजा-पाठ पर रोक लगा दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर की स्थापना करीब 120 वर्ष पूर्व गांव के एक दलित परिवार ने करवाई थी। यह मंदिर क्षेत्र के लोगों की आस्था का केंद्र रहा है। पिछले दो दशकों से विशेष समुदाय द्वारा मंदिर में पूजा-अर्चना करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे गांव के लोग नाराज हैं और लंबे समय से अपनी धार्मिक स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आज भाजपा के जिला महामंत्री अतुल सिंह के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने एसडीएम प्रीति तिवारी को शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की। वहीं पूरे मामले पर एसडीएम प्रीति तिवारी ने कहा कि पूरे मामले की जांच तहसीलदार से कराई जाएगी।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बीजेपी पर बोला हमला

**अमित शाह ने सदन में किया बाबा साहब का अपमान, पीएम ने गलती मानने की जगह बनाया मुद्दा**

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, सुल्तानपुर में जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा और शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस ने संसद में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को राष्ट्रीय मुद्दा बनाते हुए भाजपा पर तीखा हमला बोला। अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में संविधान पर चर्चा की मांग की थी। इसके साथ ही अडानी विवाद और मणिपुर हिंसा जैसे मुद्दों पर बहस की मांग रखी गई। लेकिन सरकार ने इन मांगों को ठुकरा दिया। इस दौरान अमित शाह ने राज्यसभा में डॉ. अंबेडकर का अपमानजनक तरीके से छह बार जिक्र किया। राणा ने कहा कि यह न केवल कांग्रेस बल्कि पूरे देश की जनता का अपमान है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर अमित शाह से सार्वजनिक माफी और उनके इस्तीफे की मांग की है। राणा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकताओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन सरकार ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे बहस का मुद्दा बनाकर विपक्ष की मांगों को नजरअंदाज किया। जिलाध्यक्ष राणा ने भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा के पुतले फूंकते हैं, तो उन पर एफआईआर दर्ज की जाती है। वहीं भाजपा के लोग बिना किसी मुद्दे के अपनी राजनीति चमकाने के लिए प्रदर्शन करते हैं, तो उन्हें प्रशासन का समर्थन मिलता है। अभिषेक सिंह राणा ने यह भी कहा कि जब कांग्रेस कार्यकर्ता ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट जाते हैं, तो गेट बंद कर दिया जाता है और उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। उन्होंने सुल्तानपुर के पुलिस प्रशासन पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया।

# संभल में हुई अधिवक्ता की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन

**हसनपुर में अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, हत्यारों की गिरफ्तारी मांग**

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, अमरोहा जनपद के हसनपुर में तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने संभल में अधिवक्ता की हत्या के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सुनीता सिंह को सौंपा। इस ज्ञापन में हत्यारों की गिरफ्तारी, दिवंगत अधिवक्ता के परिवार के लिए मुआवजा और सुरक्षा को लेकर विशेष मांगें की गईं। तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता ने बताया कि जनपद संभल के अधिवक्ता सतपाल सिंह की बहजोई स्थित कलेक्टर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उन्हें घात लगाकर निशाना बनाया। यह घटना पूरी अधिवक्ता बिरादरी के लिए शॉकिंग थी और इसने उनके बीच गहरी नाराजगी पैदा कर दी। ज्ञापन में निम्नलिखित मांगें प्रमुख रूप से की गईं। सतपाल सिंह के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। दिवंगत अधिवक्ता के आश्रितों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा और एक आश्रित को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। भविष्य में अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। अधिवक्ताओं ने कहा कि इस तरह की घटनाओं के लगातार बढ़ने से उनके बीच भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। वे चाहते हैं कि राज्य सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से ले और अधिवक्ताओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में हसनपुर के अधिवक्ता मौजूद थे, जिनमें गंगासरन एडवोकेट, फतेह सिंह एडवोकेट, विनोद कुमार एडवोकेट, दिनेश गुप्ता, अजित राणा, आफताब आलम, संदीप कुमार, केशव प्रजापति, वीरेंद्र सिंह, वैभव नागर, संजीव कुमार, तीरथ राणा, रामेश्वर सरन, कुलदीप राणा, जसपाल राणा, मुन्नीलाल आदि प्रमुख थे।

# प्रापर्टी डीलर पर स्कार्पियो सवार बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

**लगी 4 गोलियां, गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर रेफर; पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में देर रात बाजार से घर पहुंचे प्रॉपर्टी डीलर पर स्कार्पियो सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। बदमाशों की गोली से प्रॉपर्टी से डीलर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद स्कार्पियो सवार बदमाश मौके से फरार होने में कामयाब रहे। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। दरअसल, यह पूरा मामला जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव का है। प्रॉपर्टी डीलर अनिकेत सिंह पुत्र जय बहादुर सिंह देर रात करीब 9:30 बजे अपने घर के पास पहुंचा था। अनित दरवाजा खटखटाना के बाद घर के बाहर ही खड़ा था। तभी मौके पर पहुंचे स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दीष। बदमाश बदमाशों के हमले में अनिकेत को दो गोली पैर और दो गोली हाथ में लगी। घटना को अंजाम देकर स्कॉर्पियो सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। गोलियों की आवाज सुनकर बड़ी संख्या ग्रामीण और परिजन अनिकेत को लेकर जगदीशपुर के गणेश अस्पताल पहुंचे। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। भोजपुरी मामले पर मुसाफिरखाना सीईओ अतुल सिंह ने कहा- देर रात 9:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि अनिल सिंह पुत्र जय बहादुर सिंह पर गोली चली है। प्रथम द्दश्य पाया गया की गोली चलाने वाले घायल के भाई हैं। पूरे मामले मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द होने की अवतार कर लिया जाएगा।

# होमगार्ड ने की दलित महिलाओं पर अमर्यादित टिप्पणी

**सैकड़ों महिलाओं ने एसपी कार्यालय का किया घेराव, चार दिन के भीतर कार्रवाई की मांग**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, अमेठी में दो दिन पहले हुए प्रदर्शन के दौरान एक होम गार्ड द्वारा दलित महिलाओं पर की गई अमर्यादित टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना के खिलाफ आज सैकड़ों महिलाओं ने काले कपड़े पहनकर एसपी कार्यालय का घेराव किया और विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं ने होम गार्ड के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा। जन कल्याण समिति की अध्यक्ष रीता सिंह के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने सोमवार को एसपी से मुलाकात की। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें आरोप लगाया कि 21 दिसंबर को जामो सीएचसी पर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर महिलाओं द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान तैनात सुरक्षा बल के एक होम गार्ड धर्मेंद्र सिंह ने दलित महिलाओं के बारे में अमर्यादित टिप्पणी की। महिला नेताओं का आरोप है कि होम गार्ड धर्मेंद्र सिंह ने कहा, इन महिलाओं को 20-20 डंडे लगेंगे तो इनका दिमाग ठीक हो जाएगा। उन्होंने प्रदर्शन कर रही महिलाओं को परेशान करने वाली बताया। रीता सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के तहत सरकार कई योजनाएं चला रही है, लेकिन एक ओर विभाग जहां महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है, वहीं दूसरी ओर दलित महिलाओं के साथ इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। रीता सिंह ने चेतावनी दी कि अगर चार दिन के भीतर आरोपी होम गार्ड के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो वह और उनकी महिला साथी एसपी कार्यालय के सामने अनशन पर बैठेंगे।

## संक्षेप

### बच्चों के मिलने वाले राशन में गड़बड़ झाला

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र के बाल विकास परियोजना केंद्रो द्वारा लाभार्थियों को मिलने वाले राशन में गड़बड़ झाला दिखाई है। इसमू गर्भवती, धात्री महिलाओं व किशोरियों लाभ मिलता है। लाभार्थियों ने आरोप लगाया है कि मई व जून का चावल आंगनबाड़ी केंद्रों कोटेदारों द्वारा वितरण नहीं किया गया। सभी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर एप्लीकेशन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। बता दें कि- विकास खंड पाली में कुल 137 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। जिसमें आधा दर्जन से ऊपर आंगनवाड़ी केन्द्रों पर तकरीबन दो माह से राशन नहीं मिला है। जिसमें सिसई द्वितीय, पाली प्रथम, पाली द्वितीय, पाली तृतीय, पाली चतुर्थ, पाली पंचम, पाली , शाहपुर तथा भीटहा शामिल है। कोटेदारों द्वारा चावल का वितरण आज तक नहीं किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकताओं से पूछे जाने पर वह कोटेदार के कंधे पर भार डालकर अपने को मुक्त कर लेते हैं। उक्त संदर्भ में- सहजनवा सप्लाई इंस्पेक्टर इंद्रेश तिवारी से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि सभी रिकॉर्ड सी.डी.पी.ओ के पास होता है। इसके बारे में हम पता करेंगे।

### गाजियाबाद के गुलमोहर एंक्लेव में निशुल्क कैंप

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, गाजियाबाद में राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में डॉ चोपड़ा पैथ क्लीनिक की ओर से 22 दिसम्बर को रक्त जांच का मेगा कैम्प आयोजित किया गया। सोसायटी के कम्युनिटी हॉल में सुबह से शाम तक चले इस कैम्प में 240 लोगों ने निःशुल्क रक्त जांच करवाई। कैम्प की संचालिका डॉ मीनू चोपड़ा ने बताया कि कैम्प में तीन हजार रुपये कीमत के प्रिवेंटिव हेल्थ पैकेज जैसे थायराइड प्रोफाइल, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर, एलएफटी, यूरिक एसिड, सीबीसी, विटामिन डी बिल्कुल निःशुल्क किये गये हैं। डॉक्टरों ने बताया कि 50 साल से अधिक उम्र के मरीजों में सीने में दर्द की शिकायत सबसे अधिक पाई गई। जहां सर्दी से बचाव के लिए भी जानकारी दी। हार्ट के मरीजों, शुगर के मरीजों को सलाह दी कि वह सुबह मॉर्निंग वाक पर न निकलें। सर्दी से बचाव करें। कैम्प के आयोजन में गौतम सोलर पीएल का विशेष सहयोग रहा। इस कैम्प में जो वृद्ध आये उनके सैंपल उनकी गाड़ियों के पास ही टेक्नीशियन भेजकर लिए गए। कैम्प में अन्य टेस्ट 50 प्रतिशत छूट के साथ किये गए। गुलमोहर एनक्लेव आरडब्लूए की पूर्व अध्यक्ष रश्मि चौधरी और पूर्व महासचिव आर केगर्ग ने बताया कि राकेश मार्ग स्थित डॉ चोपड़ा पैथ क्लीनिक गुलमोहर एनक्लेव के निवासियों के स्वास्थ्य के प्रति बहुत सजग रहता है और समय-समय पर निशुल्क कैंप लगाता रहता है। गौरव बंसल ने बताया कि हर माह कैंप का आयोजन किया जाएगा। अनुजा बंसल ने कहा कि सोसायटी में यह महिलाओं के लिए अच्छी पहल है। खास तौर से महिलाओं को इसका अधिक फायदा होता है।

# विधायक प्रदीप कुमार शुक्ल के नेतृत्व में हुई पुष्प वर्षा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा प्रयागराज से निकाली महाकुंभ रथ यात्रा का गुरुवार को सहजनवां तहसील क्षेत्र में पहुंची। यात्रा का जीरो प्वाइंट से लेकर हाइवे, जिगिना चौराहा, कस्बा, घघसरा मोड़ से लगायत नंदापार तक जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही पिपरौली ब्लाक के जैतपुर गौसपुर में अधिक संख्या में मुस्लिम समाज की महिलाओं ने यात्रा का स्वागत की। यात्रा के दौरान स्कूली बच्चे, आम जन सभी ने जगह जगह खड़े होकर पुष्पवर्षा करके जोरदार जयकारे भी किए। महाकुंभ रथ यात्रा के कालेसर जीरो प्वाइंट पहुंचते ही ब्लाक प्रमुख दिलीप यादव व शशि प्रताप सिंह के नेतृत्व ने अधिक संख्या में मौजूद लोगों ने जयकारे लगाते हुए माला पहनाया और पुष्पवर्षा करके स्वागत किए। यात्रा के दौरान मुरारी इंटर कालेज के एनसीसी के कैडेट्स कतारबद्ध होकर यात्रा में चल रहे थे। इसके बाद यात्रा जुलूस के शक्ल में बोक्टा में कालेसर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय यादव ने नेतृत्व में स्वागत कर पुष्पवर्षा की गई। इसके बाद गीडा के ट्रांसपोर्ट नगर गेट पर विधायक प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में स्वागत और पुष्पवर्षा की गई। इसके बाद मुरारी इंटर कालेज के सामने अधिक संख्या में स्कूली बच्चे और बच्चियों ने प्रधानाचार्य मेजर साकेत के नेतृत्व में स्वागत किया। इसके बाद यात्रा में शामिल जन समूह पैदल ही जिगिना चौराहा पर पहुंचा, जहां भाजपा नेता मनोज सिंह, अभिमन्यु मौर्या के नेतृत्व में स्वागत कर पुष्पवर्षा की गई। थाना चौराहा पर ग्राम प्रधान मदन मुरारी गुड्डू व मिथिलेश गुप्ता के नेतृत्व ने स्वागत किया गया। इसके बाद यात्रा कस्बे से गुजरने लगी तो लोगों अपने छतों से पुष्पवर्षा करने लगे। विधायक प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में यात्रा घघसरा मोड़ पर पहुंची, जहां व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम दास अग्रवाल, सभासद मनोज जायसवाल, गोपाल गुप्ता के नेतृत्व में स्वागत कर पुष्पवर्षा की गई। इसके बाद यात्रा फिर हाइवे होते हुए गीडा सेक्टर 13 पहुंची, जहां पार्वती सेवा संस्थान के तरफ से स्वागत किया गया। पिपरौली ब्लाक के सामने ग्राम प्रधान चंद्र भूषण पांडेय, ऋषिकेश जायसवाल, श्रीराम उर्फ मोनू शर्मा, उमेश पांडेय, मोनू कन्नौजिया, अनिल यादव, काली प्रसाद सिंह के नेतृत्व में स्वागत किया गया। जैतपुर गौसपुर पहुंचने पर भाजपा नेता उपेंद्र कुमार गौंड के नेतृत्व में चार दर्जन से अधिक मुस्लिम समाज की महिलाओं ने महाकुंभ रथ यात्रा की आरती उतार कर स्वागत की और पुष्पवर्षा की गई। इसके बाद जैतपुर चौराहा पर आशुतोष दुबे उर्फ राजू, डा. कुलदीप पाठक, भाजपा नेता छोटेलाल मौर्या की अगुआई में यात्रा का स्वागत और पुष्पवर्षा की गई। इस दौरान संजय शुक्ला मनोज सिंह,राम बुझारत पासी,नरेंद्र शुक्ला,रवि सिंह सोलंकी,भगवान सिंह,गंगेश्वर सिंह,सुनील निगम,रवि प्रताप सिंह,गौरव गुप्ता,सुभाष चंद्र,चंदन त्रिपाठी, हरिनाथ राज,मनोज जायसवाल सूर्यनाथ विश्वकर्मा, ऋषिकेश जायसवाल, परमात्मा सिंह,धर्मराज गॉड,उपेंद्र गौड़ आदि मौजूद रहे।

# हल्का लेखपाल की लापरवाही के विरुद्ध डीएम को दिया गया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र के बनौड़ा गांव के भोला सिंह ने हल्का लेखपाल राघवेन्द्र शुक्ला और तहसील प्रशासन के विरुद्ध डीएम को ज्ञापन सौंपा। वादी का आरोप है कि सहजनवां तहसील के बनौड़ा गांव में उसकी जमीन है ।जिसका बेचन सिंह नामक व्यक्ति से विवाद है ।जिसकी अभी तक पैमाइश हल्का लेखपाल द्वारा नहीं कराई गई, ना ही हिस्साकस्सी कराई गई ।कई बार तहसील दिवस, डीएम को ज्ञापन देने के बाद भी उचित कार्रवाई नहीं हुई। हल्का लेखपाल हीला हवाली दिखा रहे हैं जिसकी वजह से जमीन का निपटारा नहीं हो पा रहा है। आरोप है कि यह जमीन भोला सिंह बनाम बेचन सिंह के नाम से एस डी एम सहजनवा के न्यायालय में 9633/2022 के रूप में दर्ज भी है। कई बार जांच भी बैठाई गई पर फिर भी नतीजा नहीं निकला। वादी न्याय की गुहार में चारों तरफ चक्कर लगा रहा है। इसी उपलक्ष में आज डीएम को लिखित ज्ञापन सौंपा तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी कंप्लेंन दर्ज कराया। इस संबंध में सहजनवां एसडीएम दीपक गुप्ता ने कहा कि ज्ञापन के बारे में मुझे कुछ भी जानकारी नहीं है।

## पैदल जा रही बुढ़िया को बाइक सवार ने मारी टक्कर , गंभीर

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा के वार्ड संख्या दो अमर सिंह नगर के थरूआपार चौराहे पर गुरूवार की शाम 5.00 बजे पैदल घर जा रही एक वृद्ध महिला को उसके उसके गाँव चौराहे के पास तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घटनास्थल पर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके का फायदा उठाकर बाइक सवार फरार हो गया । घायल महिला को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरापार में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए, जिला अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया है। वृद्धा की पहचान थरूआपार निवासी रामवती देवी 61 वर्ष पत्नी लक्ष्मण के रूप में हुई है। वह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठरापार में दवा कराने आयी थी और वहां से पैदल घर जा रही थी। अपने गाँव चौराहे के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई।

# आईजीएल परिसर में फायर मॉक ड्रील का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन एवं प्लांट हेड शैलेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में मॉक ड्रील का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक महाप्रबंधक मानव संशाधन एवं प्रशासन दशरथ मिश्रा ने किया। प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय ने सभी फायर कर्मियों के कार्यों को बारीकी से अवलोकन किया और उन्हें महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये। फायर मॉक ड्रील के समय गीडा कार्यालय से विवेक वर्मा एवं फायर विभाग गीडा से भगवान सिंह, अभिषेक तिवारी, आदित्य तथा गैलेन्ट से नवीन अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। सर्वप्रथम 11:00 बजे फायर सेफ्टी अधिकारी रणधीर सिंह द्वारा बताया की ई. एन.ए टैंक में लीकेज होने के कारण आग लग गयी है और तत्काल एमर्जेन्सी सायरन बजाने की सूचना मिलते ही सुरक्षा कर्मियों ने सायरन बजाकर प्लांट में सभी को घटना होने की सूचना दिया और तत्काल सभी स्टाफ और वर्कर



अपने निर्धारित असेम्बली पॉइंट पर जाकर आज की उपस्थिती का मिलान किया और मेन गेट पर रिपोर्ट भेजा। यह मॉक ड्रील दस मिनट चली और इतने ही समय में फायरकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया और स्थित को नार्मल कर दिया इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने पुनः सायरन बजा कर सभी को सूचित किया की सब नार्मल हो गया है। तत्पश्चात सभी कर्मयोगी वापस कार्य पर गए।

# धार्मिक भावना मैं ठेस पहुंचाने पर हिंदू समाज आक्रोश

- सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के पुत्र श्री कांत कुशवाहा की तहरीर पर पुलिस ने किया सुसंगित धाराओं मैं मुकदमा दर्ज
- पूर्व बीएसपी विधायक फेरन लाल अहिरवार ने किया आ मर्यादित भाषा का प्रयोग
- बजरंग सैना ने उठाई गिरफ्तारी की मांग



अमन लेखनी समाचार

ललितपुर/बीते दिन पूर्व से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक वीडियो में पूर्व विधायक बहुजन समाज पार्टी फेरन लाल अहिरवार के द्वारा शीतकालीन सत्र में संसद में हो रहे राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप को लेकर राजनीतिक गर्मियां तेजी से राजनीतिक संगठनों में दिखाई दे रही हैं जिसको लेकर बीते दिन पूर्व ललितपुर जनपद में पूर्व में विधायक रह चुके फेरन लाल अहिरवार द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर फेरन लाल अहिरवार ने सार्वजनिक मंच से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को ही नहीं बल्कि सनातन संस्कृति के देवी देवताओं को एक अमर्यादित भाषा शैली का प्रयोग करते हुए हिंदू देवी देवताओं को लेकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने से समस्त हिंदू समाज एवं संत समाज में फेरन लाल द्वारा की गई भाषा शैली से जन आक्रोश फैला हुआ है जिससे आहत हिंदू संगठनों में बजरंग सेवा ने जिला अधिकारी के माध्यम से झांसी ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा को लिखित ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में बताया कि एक राजनीतिक प्रतिष्ठित पद पर रहे नि वर्तमान जनप्रतिनिधि द्वारा इस प्रकार की भाषा शैली का इस्तेमाल करना संविधान के खिलाफ है जिससे आहत संगठन के सभी पदाधिकारी ने पूर्व विधायक फेरन लाल अहिरवार की गिरफ्तारी की मांग के साथ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई ज्ञापन मैं जिला अध्यक्ष दीपक पश्तोर, कविता पश्तोर, अजय दुबे, ताहर सिंह, चंदन सिंह, उर्मिला राजा, राजकुमार तिवारी, सुनील, मोनू तिवारी, कैलाश कुशवाहा, अभिलाषा रिछारिया, ममता तिवारी, सौम्या तिवारी, अंशुल कुमार आदि के हस्ताक्षर किए गए

# स्वामित्व योजना लांच, ग्रामीण आबादी की भूमि का अधिकार पत्र प्रॉपर्टी कार्ड , घरौनी के वितरण पर बोले भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष

### जनपद में शुक्रवार को होगा 6221 घरौनियों का वितरण

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। भाजपा जिला कार्यालय में स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को आबादी की भूमि का अधिकार पत्र प्रॉपर्टी कार्ड घरौनी आदि के संबंध में प्रेस वार्ता कर कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि प्रधानमंत्री जी ने ग्रामीण क्षेत्रों में घरौनी लॉन्चिंग का कार्यक्रम तय किया है। इसमें पूरे जनपद में शुक्रवार को 6221 घरौनियों का वितरण किया जायेगा। बताया कि 636 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष अब तक 440 ग्रामों में घरौनी निर्माण का कार्य संपादित किया गया है। डिजिटल घरौनी कार्ड निर्माण में जनपद में कुल 127880 प्रॉपर्टी कार्ड तैयार किए गए हैं। जिसमें सदर तहसील में 33880, मौदहा में 44950, राठ में 25377 तथा सरीला में 23673 कार्ड निर्मित किए गए हैं। शुक्रवार को इस कार्यक्रम में जनपद के कुल 42 ग्रामों में सदर तहसील के 24 ग्राम, मौदहा के 9 ग्राम, राठ का एक ग्राम तथा तहसील सरीला के 8 ग्राम में डिजिटल घरौली का वितरण किया जाएगा। जिसमें सदर तहसील में 3833, मौदहा में 409, राठ में 124 तथा सरीला में 1855 घरौनी कुल 6221 घरौनियों का वितरण किया जाएगा ।प्रेस वार्ता के दौरान राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद, सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, विजय पांडे, कुलदीप निषाद, आशीष पालीवाल, किशन व्यास, नवेंद्र सिंह, रोहित शिवहरे, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जल्द होगा नवीन कार्यकारणी का विस्तार

### सहकार भारती की जिला बैठक मैं विभाग संयोजक को सौंपी प्रस्तावक सूची

अमन लेखनी समाचार

ललितपुर/सहकार भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद प्रदेश निर्देशानुसार झांसी विभाग के जनपद ललितपुर की जिला बैठक महिला प्रमुख राजकुमारी बुंदेला के आवास पर जिला अध्यक्ष विभूति भूषण चौरसिया की अध्यक्षता मैं आयोजित की गई बैठक मैं मुख्य अतिथि विभाग संयोजक अंचल अड़जरिया की उपस्थिति रही आयोजित बैठक मैं आए हुए सभी पदाधिकारियों ने सामूहिक सहकार गीत के गायन।

जिला अध्यक्ष ने विभाग संयोजक का स्वागत किया बैठक का संचालन कर रहे जिला महा मंत्री कुंज बिहारी शर्मा द्वारा क्रम बद्ध सहकार भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद सहकार भारती को नगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक सहकार भारती के सदस्य और सहकारिता का उद्देश बताया कुशल संचालन कर रहे जिला महा मंत्री कुंज बिहारी शर्मा ने बताया सहकार भारती भारत का सहकारिता का एक मात्र संगठन जिसमें लोग जुड़कर आम लोगों की मदद करने के साथ साथ खुद भी रोजगार पा सकते हैं झांसी विभाग के विभाग संयोजक ने अपने वक्तव्य मैं कहा सहकार भारती की नवीन कार्यकारणी की सूची जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष को सौंप दी जाएगी साथ ही संगठन के विस्तार के लिए झांसी विभाग के अंतर्गत आने वाले झांसी महा नगर ग्रामीण, उरई और ललितपुर जिले की हर तहसील एवम ब्लॉक स्तर पर कमेटी गठित की जायेंगी जिससे केंद्र एवम राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित कल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस तक सही तरह से क्रिया वहन किया जा सके और सहकारिता से जुड़े लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा जिला अध्यक्ष ने जिला मैं मजबूत और सक्रिय संगठन खड़ा करने का आश्वासन दिया तो वहीं जिला संगठन प्रमुख धर्म सिंह कुशवाहा ने प्रस्ताव सूची पर संशोधित कर सहमति बनाई और विभाग संयोजक अनुमोदन के लिए 30 कार्यकताओं की सूची सौंप दी गई बैठक मैं जिला अध्यक्ष विभूति भूषण चौरसिया, संगठन प्रमुख धर्म सिंह कुशवाहा, महिला प्रमुख राजकुमारी बुंदेला, विभाग संयोजक अंचल अड़ जरिया , महामंत्री, कुंज बिहारी शर्मा, मथुरा प्रसाद सोनी, रामरतन राय,नम्रता बुंदेला, अमन रैकवार, ऋतु समाधिया, सुशील पारासर, मीना सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे

# वकीलों ने एक-दूसरे पर तानी रिवॉल्वर

### बार संघ पर अधिकार को लेकर भिड़े दो गुटों के अध्यक्ष, पुलिस ने संभाली स्थिति

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बुलंदशहर में सोमवार को जिला बार एसोसिएशन के चुनाव के बाद हंगामा हो गया। बार पर अधिकार को लेकर एक गुट के अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा ने दूसरे गुट के अध्यक्ष सुमन सिंह राघव पर पिस्टल तान दी। काफी देर तक बार सभागार में हंगामा होता रहा। इसके बाद मामले की जानकारी एसएसपी को दी गई। एसएसपी ने बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स भेजा। इसके बाद दोनों गुटों को वहां से हटाया गया। एक गुट के अध्यक्ष सुमन सिंह राघव का कहना है कि दूसरे गुट के अध्यक्ष ने जान से मारने की धमकी देते हुए उन पर पिस्टल तान दी, वहीं दूसरे गुट के अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा ने पहले गुट के अध्यक्ष सुमन सिंह राघव पर मशीनगन तानने का आरोप लगाया है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन में अधिकार की लड़ाई शुरू हो गई है। यहां देर रात बार पर अधिकार के लिए दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। दोनों पक्षों के चुनाव होने के बाद अब बार पर दो अध्यक्ष, दो महासचिव समेत अन्य पदाधिकारियों का भी दोहरा चयन हुआ है। बीती रात को बार कार्यालय की चाबी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ। पूर्व महासचिव पवन कुमार ने बार कार्यालय पर अपना ताला लगाया तो वहीं राजाशील पक्ष भी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने अपना ताला लगा दिया। विवाद की सूचना पर नगर कोतवाल मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन में चल रहा विवाद लगातार बढ़ रहा है। बीते दिनों पहले राजाशील पक्ष ने चुनाव कराया। जिसमें अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह राघव व महासचिव उन्हीं के पक्ष के शैलेंद्र सिंह लोधी बने। इस पक्ष ने अगले ही दिन अपनी शपथ भी ली और बार सभागार पर ताला लगाकर अपना कब्जा कर लिया। इसके दो दिन बाद यानि 18 दिसंबर को पूर्व महासचिव पवन कुमार निम के निर्देशन में दूसरा चुनाव हुआ। जिसमें अध्यक्ष उनके पक्ष के अधिवक्ता रविंद्र शर्मा बने और महासचिव अधिवक्ता उमेश कौशिक बने। जब निवर्तमान महासचिव पवन कुमार निम बार कर्मचारियों के साथ बार का ताला लगवाकर बाहर निकले तो दूसरा पक्ष भी वहां पहुंच गया।

जिसमे हाल में जीते अधिवक्ता उमेश कौशिक, पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष रहे अधिवक्ता राजाशील कुमार समेत अन्य अधिवक्ता भी थे। जिन्होंने बार चुनाव जीतने के नाते बार की चाबी मांगी। लेकिन, निवर्तमान महासचिव ने चाबी देने से इंकार कर दिया।

पवन कुमार का कहना था कि गत वर्ष जब वह चुनाव लड़े थे तो मतदान 22 दिसंबर 2023 को हुआ था। लेकिन, एल्डर्स कमेटी ने उन्हें चार्ज नौ जनवरी 2024 को दिया था। इसलिए नियमानुसार नौ जनवरी तक चार्ज हमारे पास ही रहेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि अभी तक 18 दिसंबर को जीती नई कार्यकारिणी ने शपथ भी नहीं ली है। इस कारण उन्हें अभी चार्ज नहीं दिया जा सकता है। इसके जवाब में अधिवक्ता राजाशील कुमार का कहना है कि नियमानुसार निवर्तमान महासचिव पवन कुमार निम का अब बार पर कोई अधिकार नहीं है। बार की चाबी जीती हुई नई कार्यकारिणी समिति को दी जानी चाहिए। पूर्व महासचिव ने बार की चाबी नहीं दी थी, इस कारण हमें भी अपना ताला बार पर लगाना पड़ा है। पहले गुट के अध्यक्ष सुमन सिंह राघव की तरफ से नगर कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया गया कि हम बार सभागार में बैठे थे।

# मेरठ में पत्नी, सास से दुखी युवक छत से कूदा

### मकान की दूसरी मंजिल से लगाई छलांग, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के तारापुरी में एक युवक ने अपनी पत्नी और सास से परेशान होकर मकान की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वही पीड़ित के परिवार वालों ने आरोपी पत्नी और उसकी मां के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। बेंगलुरु में पत्नी के जुल्मों से परेशान होकर युवक ने सुसाइड कर लिया था। ऐसा ही एक मामला मेरठ में भी होने से बच गया जहां पत्नी और उसकी मां के उत्पीड़न से परेशान होकर एक युवक ने मकान की दो मंजिला छत से छलांग लगा दी। तारापुरी के रहने वाले अरशद पुत्र इरफान की शादी पांच साल पहले समर गार्डन की रहने वाली सुमायला के साथ हुई थी। राबिया की एक चार साल की बेटी भी है। अरशद का पत्नी से काफी दिनों से विवाद चल रहा है आरोप है कि उसकी पत्नी और मां राबिया उसको परेशान कर रही थी। सोमवार को अरशद की अपनी पत्नी से कहा सुनी हो गई इसी दौरान उसने अपने मकान की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने उसे गढ़ रोड स्थित सरस हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद अरशद के परिवार वालों ने अरशद की पत्नी सुमायला और उसकी सास राबिया के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# मेरठ में एसएसपी ने भंग की स्वाट टीम

### कॉमेडियन सुनील पाल का किडनैप करने वाले लवी की गिरफ्तारी नहीं किए जाने पर गिरी गाज



अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने पूरी स्वाट टीम को भंग कर दिया है। सभी की आमद पुलिस लाइन में करा दी गई है। इसके अलावा एसएसपी ने सदर बाजार थाना प्रभारी शशांक द्विवेदी को भी हटा दिया। उनको अब सरधना थाने का एसएसआई बनाया गया है। सदर बाजार थाने में मुनेश शर्मा को तैनात किया गया है। स्वाट टीम भंग किए जाने के पीछे कॉमेडियन सुनील पाल का किडनैप करने वाले मुख्य आरोपी लवी पाल की गिरफ्तारी में फेल होना माना जा रहा है। बिजनौर निवासी लवी पाल के अपहरण का मामला मेरठ के लालकुर्ती थाने में दर्ज था। वो बिजनौर कोतवाली से भी एक्टर मुश्ताक खान के किडनैप में फरार चल रहा था। मेरठ पुलिस की स्वाट टीम उसकी तलाश में जुटी लेकिन थी सोमवार को बिजनौर पुलिस ने मेरठ पुलिस से पहले लवी पाल को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया।

# शिवलिंग को कब्रिस्तान की चाहरदीवारी से अलग करने की मांग

### हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकताओं का आंदोलन, बोले- रास्ता अलग कर मंदिर निर्माण हो

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, गाजियाबाद के मोदीनगर के आबिदपुर मानकी गांव में शिवलिंग को कब्रिस्तान की चाहरदीवारी से अलग करने की मांग को लेकर हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने सोमवार को थाने पर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि शिवलिंग को खत्म करने के लिए यह षड़यंत्र रचा गया है। प्रदर्शनकारियों ने मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। हिन्दू युवा वाहिनी के वरिष्ठ नेता नीरज शर्मा और निशांत त्यागी सहित कार्यकताओं के साथ मोदीनगर थाने पहुंचे और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। नीरज शर्मा ने बताया कि आबिदपुर मानकी गांव में प्राचीन शिवलिंग स्थापित है। वहां सैकड़ों सालों से लोग पूजा-अर्चना करते हैं। उन्होने आरोप लगाया कि शिवलिंग को समाप्त करने के लिए उसे कब्रिस्तान की चाहरदीवारी के अंदर लिए गया और शिवलिंग के पास एक पीर बनाकर वहां अतिक्रमण कर लिया गया। जिससे शिवलिंग पर जाने का रास्ता बंद हो गया। इसके कारण ग्रामीण वहां पूजा नहीं कर पाते। पूजा करने जाते हैं तो टकराव की चिंता बनी रहती है। उन्होंने शिवलिंग पर जाने का रास्ता अलग कर मंदिर निर्माण की मांग की। उन्होंने मौके पर जाकर शिवलिंग की पूजा अर्चना भी की। पुलिस ने उन्हें जांच कर कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि राजस्व विभाग को मामले की सूचना दे दी गई है।

## अमेठी में भीम आर्मी का जोरदार प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर दिए गए बयान के बाद विपक्ष लगातार हावी है। सपा कांग्रेस और आप के बाद अब भीम आर्मी भी मैदान में उतर आई है। आज बड़ी संख्या में भीम आर्मी के कार्यकताओं ने तहसील अमेठी में प्रदर्शन करते हुए अमेठी एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कार्यकताओं ने अल्टीमेटम दिया कि अगर अमित शाह माफी नही मांगते हैं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। दरअसल संसद में बीते दिनों केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर एक बयान दिया था। केंद्रीय गृह मंत्री के बयान के बाद विपक्ष लगातार गृह मंत्री को घेरने में जुटा हुआ है। कांग्रेस, सपा और आप के बाद अब भीम आर्मी भी केंद्रीय गृह मंत्री के खिलाफ मैदान में उतर चुकी है। अमेठी तहसील में बड़ी संख्या में भीम आर्मी के कार्यकताओं ने तहसील में प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस भर्ती केंद्र का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित



हमीरपुर। बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 के अंतर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण केंद्र पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने समर्पित अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत कर भर्ती प्रक्रिया की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने केंद्र पर भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों का बारीकी से अवलोकन कर अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन, शारीरिक मानक परीक्षण और संपूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंधन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर अभ्यर्थी को समान अवसर मिले और किसी भी प्रकार की अनियमितता या पक्षपात की संभावना न रहे। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारी व कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी बनाए रखें। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया के दौरान तकनीकी साधनों के उपयोग की भी समीक्षा की जिससे रिकॉर्डिंग और डेटा मैनेजमेंट में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया न केवल विभाग की विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि इसे भविष्य के पुलिसकर्मियों के लिए भी निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती होना न केवल एक गौरव का विषय है बल्कि इसके साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। उन्होंने अभ्यर्थियों से ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की अपेक्षा जताई। उन्होंने केंद्र पर तैनात कर्मियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हों और किसी भी अभ्यर्थी को असुविधा का सामना न करना पड़े। पुलिस अधीक्षक ने केंद्र पर भर्ती प्रक्रिया के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पीने का पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं और शारीरिक परीक्षण के लिए उपयुक्त व्यवस्था करने, अभ्यर्थियों और अधिकारियों की सुरक्षा और सुविधा का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हर पहलू की बारीकी से निगरानी करें और अभ्यर्थियों को सही दिशा-निर्देश प्रदान करें। उन्होंने सभी से यह अपील की कि भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और कुशलतापूर्वक संपन्न करायें। इस मौके पर अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बकरी चरा रहे चरवाहे की बाइक से घायल होने पर इलाज के दौरान हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। गत सोमवार को शाम करीब 4.30 बजे झलोखर आश्रम के सामने सड़क किनारे बकरी चरा रहे एक चरवाहे को नशे में धुत बाइक सवार द्वारा टक्कर मार देने से घायल होने पर कानपुर में इलाज के दौरान आज सुबह मौत हो गयी। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

मृतक के बड़े भाई कमलकिशोर ने बताया कि गत 23 दिसंबर सोमवार को बकरी चरा रहे चंद्रप्रकाश उर्फ बौरा पुत्र राजाराम को कुरारा की ओर से आ रहे शराब के नशे में धुत बाइक सवार ने आश्रम के सामने टक्कर मार दी थी। जिसको गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद हालत में सुधार न होने पर रिफर होने पर लाला लाजपत राय हॉस्पिटल कानपुर रेफर किया गया था। जहां बुधवार की देर रात पेट का ऑपरेशन किया गया। आज 26 दिसंबर को डॉक्टरों की गहन चिकित्सा के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। इधर नशे में धुत बाइक चालक की बाइक पुलिस ने बरामद कर ली है। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## अधिवक्ताओं के बस्ते हटाए जाने के विरोध में जारी है विरोध प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जिले में अधिवक्ताओं के बस्ते हटाए जाने के विरोध में पिछले कई दिनों से अधिवक्ता लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी के दृष्टिगत जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के साथ सैकड़ो अधिवक्ताओं ने आज नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का बस्ते हटाए जाने के विरोध में लगातार प्रदर्शन जारी है। विरोध करते हुये अधिवक्ताओं ने सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, राज्यपाल, मुख्यमंत्री को पहले ही ईमेल से ज्ञापन भेज दिया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि गत 20 दिसंबर को जनपद न्यायाधीश ने अध्यक्ष और महामंत्री को बुलाकर नगर पालिका की सड़क के किनारे अधिवक्ताओं के बस्ते हटाने की बात कही थी। अधिवक्ताओं ने बताया कि आजादी के बाद से अधिवक्ता वहां बैठते चले आ रहे हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं को परेशान न करने की मांग की है।

# अमेठी पुलिस के गश्त पर उठे सवाल

## एक साथ तीन दुकानों को चोरों ने बनाया निशाना





### लाखों का सामान और नगदी लेकर फरार हुए चोर

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में देर रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। जहां देर रात थाने से महज चंद कदम की दूरी पर चोरों ने एक साथ तीन दुकानों को निशाना बनाया। चोर हजारों रुपए की नगदी और लाखों रुपए का सामान लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही दुकान मालिकों ने पुलिस सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल ये पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के गौरीगंज चौराहे का है। जहां देर रात चोरों ने ज्वेलरी ऑटो पार्ट और किराने की दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने तीनों दुकानों के दरवाजे को तोड़कर लाखों रुपए सामान और हजारों रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। थाने से महज चंद कदम की दूरी पर एक साथ हुई तीन वारदातों के बाद इलाके में हड़कंप और दुकान मालिकों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दुकान मालिको ने कहा कि शाम को वो सब दुकान बंद करके अपने घर चले गए। आज सुबह जानकारी मिली कि दुकानों के दरवाजे और शटर टूटे हुए हैं, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। चोर लाखों रुपए का सामान और हजारों रुपए की नगदी लेकर फरार हो गए है।

**वहीं पूरे मामले पर......**

मुसाफिरखाना एसएचओ विवेक सिंह ने कहा- घटना संज्ञान में है। दुकान मालिको द्वारा अभी तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# वीणा वाणी सामाजिक संस्थान द्वारा कजरी महोत्सव में कलाकारों ने मचाया धमाल

## गीत संगीत समाज को जागरूक करने का सशक्त साधन है : नीलम सिंह

अमन लेखनी समाचार



उत्तर प्रदेश अमेठी प्रतापगढ जनपद मे वीणा वाणी सामाजिक संस्थान द्वारा आयोजित कजरी महोत्सव ने लोक संस्कृति, कला और समाजिक चेतना का अनोखा संगम प्रस्तुत कर क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की। संस्थान की सचिव व समाजसेविका नीलम सिंह के कुशल नेतृत्व और समर्पित प्रयासों ने इस आयोजन को भव्यता और सार्थकता प्रदान की। महोत्सव की शुरूआत कजरी गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से हुई, जिसने दर्शकों को लोक संगीत की गहराइयों में डूबने का अवसर दिया। इस सांस्कृतिक उत्सव में लोक परंपराओं और कला का ऐसा जादू बिखरा कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण आल्हा सम्राट गायक फौजदार सिंह नेअपनी वीरतापूर्ण गाथाओं से दर्शकों को न केवल रोमांचित किया, बल्कि समाज और संस्कृति के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। उनकी प्रस्तुति ने पारंपरिक लोकगायकी को नई ऊर्जा और सम्मान प्रदान किया। लोक गायिका रानी साहू की कर्णप्रिय आवाज और उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया। उनके गीतों की मिठास ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक लगातार तालियों से उनका उत्साहवर्धन करते रहे। इस आयोजन में स्थानीय ब्लॉक संडवा में आयोजित प्रमुख, ग्राम प्रधान, और बीडीसी के प्रतिनिधियों समेत सैकड़ों लोगों की उपस्थिति ने इसे ऐतिहासिक बना दिया।

### समाज को जागरुक करता है कलाकार : नीलम





वीणा वाणी सामाजिक संस्थान की समाजसेविका व संस्थान की सचिव नीलम सिंह ने सभी कलाकारों और दर्शकों का आभार प्रकट करते हुए कहा, "गीत-संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक और प्रेरित करने का सशक्त साधन है। कजरी महोत्सव की सफलता सभी के सामूहिक सहयोग का परिणाम है। ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं और समाज को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाते हैं।" नीलम सिंह ने इस अवसर पर सभी कलाकारों को सम्मानित करते हुए समाज में कला और संगीत के योगदान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई। कजरी महोत्सव ने न केवल लोक कला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, बल्कि सामाजिक संदेशों के माध्यम से सामुदायिक विकास की दिशा में एक नई पहल की। वीणा वाणी सामाजिक संस्थान के इस प्रयास की सराहना हर ओर हो रही है, और यह आयोजन क्षेत्र में लंबे समय तक याद किया जाएगा।

## आवारा जानवरों के साथ नीलगाय बने आतंक का पर्याय

### झुंड के झुंड नीलगाय किसानों की फसलों को कर रहे चौपट

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में आवारा जानवरों के साथ नीलगाय भी आतंक का पर्याय बने हुए हैं। झुंड के झुंड आवारा जानवर जहां राहगीरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, तो वहीं नीलगाय किसानों की फसल को भी चौपट कर जा रहे हैं। नीलगायों से सबसे ज्यादा परेशान ग्रामीण इलाकों के किसान परेशान है। किसानों में अमेठी प्रशासन से आवारा जानवरों के साथ ही नीलगायों के आतंक से भी छुटकारा दिलाने की मांग की है। दरअसल, इस समय अमेठी में किसान फसलों को लगाने में जुटे हैं, तो वहीं आवारा जानवर किसानों की मेहनत पर पानी फेरने में जुटे हुए हैं। आवारा जानवरों से परेशान किसानों की मुसीबत को झुंड के झुंड नीलगाय दोगुनी कर दे रहे है। किसी भी खेत मे एक साथ दर्जनों नीलगाय घुसकर किसानों की पूरी फसल को चौपट कर जा रहे हैं।

किसानों की फसलों का यही हाल आवारा जानवर भी कर रहे हैं। किसान लगातार प्रशासन से आवारा जानवरों ने निजात दिलाने की मांग कर रहे हैं। सबसे ज्यादा नील गायों का आतंक सुददुर ग्रामीण इलाकों का है। जिले के धौराहरा, ताला समेत दर्जनों गांवों में नील गायों का आतंक बरकरार है। बड़ी संख्या में नीलगाय किसानो की फसल को चौपट कर रहे है। झुंड के झुंड नीलगाय किसानो की फसलों को चट कर जा रहे हैं, लेकिन उनकी दहशत से किसान उन्हें भगाने का प्रयास भी नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि कब नीलगाय किसानों पर हमला कर दे ये कोई नहीं जानता है।

## भाले सुल्तान स्मारक पुलिस द्वारा युवक गिरफ्तार, व अपहृता बरामद



अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 राजेश कुमार थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त अरबाज अली पुत्र जाबिर अली निवासी ग्राम वारिसगंज टाण्डा थाना भाले सुल्तान शहीद कटरा रोड अन्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया एवं अपहृता को सकुशल बरामद किया गया । थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## महिला पत्रकार के खिलाफ फर्जी मुकदमे के संबंध में पत्रकारों ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



गरौठा, झांसी। बीते दिनों जनपद के शाहजहाँपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कांडोर निवासी ग्रामीण पत्रकार संगठन की सदस्य, पत्रकार सुनीता सिंह पुत्री देव सिंह हाल निवासी झांसी के माता पिता के साथ 20 दिसंबर को विशेष समुदाय के लोगों ने घर मे घुसकर जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर महिला पत्रकार सुनीता एवं संगठन के पदाधिकारी थाने पहुंचे, जहां थाने में तैनात मुंशी ने महिला पत्रकार समेत संगठन के पत्रकार साथियों से अभद्रता की। इसके बाद घायल अवस्था में पत्रकार के माता-पिता को 3 घंटे तक डॉक्टरी परीक्षण के नाम पर थाने में बैठाए रखा। उसके बाद आलाधिकारियों को सूचना के बाद पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा, और विपक्षियों से शिकायती पत्र लेकर थानाध्यक्ष की सह पर महिला पत्रकार एवं उनकी साथी प्रज्ञा पर फर्जी मामला दर्ज कर दिया। थानाध्यक्ष साजेश कुमार सिंह पत्रकारों से बीते दिनों उनके इलाके कि अवैध खनन की खबर चलाने से नाराज थे। उक्त मामले में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी गरौठा अवनीश कुमार तिवारी को देते हुए कहा कि उक्त मामले की निष्पक्ष जांच करवाते हुए आरोपी मुंशी एवं दोषी विपक्षियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। और महिला पत्रकार पर दर्ज फर्जी मुकदमे को खारिज किया जाए। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष राजेश सिंह परिहार, राजेंद्र सिंह बुंदेला, मिलन परिहार, राजीव परमार, प्रदीप शर्मा, हेमन्त यादव, कल्लू वर्मा, मुकेश पाठक, महेंद्र रायकवार, मुबीन खान, विवेक अग्रवाल, दानवेंद्र तिवारी, विपिन श्रीवास आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## संदिग्ध वाहनों चेकिंग करती पुलिस



अमन लेखनी समाचार

अमेठी शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था एवं आमजनमानस में विश्वास का वातावरण बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में जनपद के थानों द्वारा अपने अपने थानाक्षेत्र में पुलिस बल के साथ भीड़-भाड़ वाले स्थानों, चौराहों, थानाक्षेत्र में पड़ने वाले अन्तर्जनपदीय बार्डर पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों एवं नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गयी।

## विश्व हिंदू परिषद द्वारा शौर्य सभा का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार




हमीरपुर। 25 दिसंबर 2024को विश्व हिंदू परिषद द्वारा शौर्य सभा का आयोजन बरदान गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता बिहिप जिला अध्यक्ष रामदत्त पांडे ने किया अध्यक्षता करते हुए लंबे संघर्ष और बलिदान के बाद मुक्त होकर भव्य मंदिर का निर्माण हुआ सरस्वती सरण द्विवेदी यतीश जी ने जात पात का भेद बुलाकर सबको एक साथ मिलकर कार्य करने का आवाहन किया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक धनंजय जी ने कार्यक्रम में राम जन्मभूमि के आंदोलन की चर्चा करते हुए मंदिर निर्माण एवं भगवान के विराजमान होने तक की चर्चा की विहिप के संगठन मंत्री विकास जी ने सभी कोहिंदू जागृत का मंत्र दिया कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर अवधेश मिश्रा सहसंयोजक विश्व हिंदू परिषद उमेश दीक्षित ने जात पात छोटे बड़े का भेद बुलाकर सभी को हिंदू समाज के उत्थान में योगदान करने का आवाहन किया सरस्वतीशरण द्विवेदी यतीश जी ने जोकौम अपने अस्तित्व को भूल जाती है वह पराभव को प्राप्त होती है कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अवधेश शर्मा ने किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी उपस्थिति रही कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामजी गुप्ता ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा निरंकारी समाज के प्रमुख क्रांति कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे

## भारी वाहन की टक्कर से पोल क्षतिग्रस्त दस घण्टे ठप रहे दो पावर हाउस

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। बीती रात कस्बे की उद्योग नगरी में भारी वाहन की टक्कर से 33 केवी लाइन का विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने से सुमेरपुर द्वितीय एवं विदोखर सब स्टेशन के आपूर्ति ठप होने से 10 घंटे तक दर्जनों गांवों में अंधेरा छाया रहा।

बीती रात उद्योग नगरी में पुलिस चौकी के पीछे से गुजरी 33 केवी लाइन के खंबे में किसी भारी वाहन ने रात एक बजे टक्कर मार दी। इससे सुमेरपुर द्वितीय एवं विदोखर सब स्टेशन की आपूर्ति ठप हो गई। सुबह अवर अभियंता महेश चंद तिवारी ने आनन-फानन में नया विद्युत पोल लगवाकर आपूर्ति बहाल कराई। आपूर्ति बाधित होने से इंगोहटा, अछरेला, बहरेला, विदोखरपुरई, विदोखर मेंदनी, पलरा, मवईजार, बण्डा, चंदौलीजार, नदेहरा आदि गांवों में अंधेरा छा गया। सर्वाधिक परेशानी किसानों को हुई। आपूर्ति ठप होने से किसानों की सिंचाई कार्य प्रभावित रहा। किसान परशुराम, मानसिंह भदौरिया, अनूप श्रीवास, विनय यादव, सुरेंद्र यादव आदि ने बताया कि पिछले तीन दिन में कई बार घण्टों आपूर्ति बाधित होने से सिंचाई कार्य लंबित हुआ है। अवर अभियंता महेश चंद तिवारी ने बताया कि विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने से आपूर्ति ठप हुई थी। पोल बदलकर सुबह 11.30 बजे आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982


E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# 'पुष्पा 2' इतिहास रचने से एक कदम दूर...

**मुंबई।** फिल्म 'पुष्पा 2' ने सिनेमाघरों में धमाल मचा रहा है। सोमवार को 'पुष्पा 2' ने 12.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इसमें से हिंदी भाषा में इसने 9.75 करोड़ रुपए की शानदार कमाई की। इसके साथ ही फिल्म का कुल नेट कलेक्शन अब 1074.85 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। हिंदी में इस फिल्म ने अब तक 689.4 करोड़ की कमाई की है। यह फिल्म अब हिंदी में 700 करोड़ रुपए क्लब में शामिल होने के करीब है। अगर ऐसा हुआ, तो यह फिल्म हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के 100 साल के इतिहास में एक अहम मील का पत्थर साबित होगी।

## लाइफ Style



# जान्हवी

## 'परम सुंदरी' में सिद्धार्थ संग आएंगी नजर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अगले साल कई लव स्टोरी बेस्ड फिल्म बॉलीवुड में रिलीज होंगी, इसमें से एक दिनेश विजान के मैडॉक फिल्म्स की 'परम सुंदरी' भी होगी। हाल ही में इस फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। के मैडॉक फिल्म्स की मूवी 'परम सुंदरी'काफी समय से चर्चा में बनी हुई है। इसमें जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की जोड़ी नजर आने वाली हैं।

हाल ही में इस फिल्म की रिलीज डेट का भी पता चल गया है। फिल्म 'परम सुंदरी' के डायरेक्शन की जिम्मेदारी दिनेश विजान ने तुषार जलोटा को दी है। यह फिल्म अगले साल 25 जुलाई 2025 को रिलीज होगी। फिल्म एक लव स्टोरी है, लेकिन इसमें कहानी को जरा अलग अंदाज में कहा जाएगा। कहा जा रहा है कि फिल्म 'परम सुंदरी'की कहानी दर्शकों के दिलों को छू लेगी। फिल्म 'परम सुंदरी' की एक फ्रेश लव स्टोरी को दिखाया जाएगा। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा परम नाम का किरदार निभा रहे हैं, जो कि उत्तर भारत से बिलॉन्ग करता है, वहीं जान्हवी कपूर ने सुंदरी नाम की लड़की का रोल किया है, जो दक्षिण भारत से आती है। इन दोनों के बीच कैसे प्यार होता है, यह फिल्म की स्टोरी लाइन है। इस तरह के सब्जेक्ट पर पहले भी फिल्में बनी हैं, लेकिन दिनेश विजान और तुषार जलोटा, इसी कहानी को अलग ढंग से कहने वाले हैं। फिल्म का जो पोस्टर और लुक अभी तक रिलीज हुआ है, उसमें जान्हवी और सिद्धार्थ मल्होत्रा काफी अच्छे नजर आ रहे हैं, इन दोनों के बीच केमिस्ट्री भी अच्छी दिख रही है। फिल्म 'परम सुंदरी'में केरल को भी दिखाया जाएगा, वहां की सुंदरता को भी फिल्म में दिखाया जाएगा।

## हॉलीवुड मसाला



# तेज दहाड़ के बाद दो कदम पीछे

**मुंबई।** 'मुफासाः द लॉयन किंग' वीकेंड पर बॉक्स ऑफिस से करोड़ों कमाने के बाद दो कदम पीछे चली गई है। सोमवार को इसकी कमाई बीते दो दिनों की अपेक्षा आधी हो गई है। 'मुफासाः द लॉयन किंग' भारत में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मुफासा के साथ सिनेमाघरों में नाना पाटेकर की फिल्म वनवास भी है, लेकिन भारतीय दर्शक 'मुफासा'पर ज्यादा प्यार लुटा रहे हैं। फिल्म सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर 6.4 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म ने भारत में अभी तक कुल 45.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।



# क्रिस्टोफर की अगली फिल्म होगी 'द ओडिसी'

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलन की अगली फिल्म द ओडिसी होगी। इस फिल्म का निर्माण यूनिवर्सल की ओर से किया जा रहा है। यह फिल्म होमर की प्रसिद्ध कविता ओडिसी पर आधारित करीब 8वीं शताब्दी ईसा पूर्व लिखा गया था। इस फिल्म की शूटिंग नए आईमैक्स फिल्म तकनीक का उपयोग से दुनियाभर के स्थानों पर की जाएगी। यूनिवर्सल स्टूडियो ने सोमवार को एक बयान में कहा, 'क्रिस्टोफर नोलन की अगली फिल्म द ओडिसी एक एक्शन फिल्म है, जो पूरी दुनिया में आईमैक्स फिल्म तकनीक का उपयोग करते हुए शूट की जाएगी। यह फिल्म होमर की इस ऐतिहासिक गाथा को पहली बार आईमैक्स स्क्रीन पर पेश करेगी। 17 जुलाई, 2026 को यह सिनेमाघरों में दस्तक देगी।' यह कविता ग्रीक कवि होमर ने लिखी है।



# एक उम्दा फिल्ममेकर हैं पल्लवी...

**नई दिल्ली।** निर्माता के रूप में पल्लवी जोशी ने लगातार प्रभावशाली फिल्में दी हैं। उनकी प्रोजेक्ट समाज में बदलाव लाने के उद्देश्य से बोल्ड और साहसी कहानियां प्रस्तुत करती हैं। प्रकाश से दूर रहते हुए भी, वह भारतीय सिनेमा को अपने गहन और प्रेरक दृष्टिकोण से समृद्ध कर रही हैं। पल्लवी जोशी ने भारतीय टेलीविज़न सीरीज़ आरोहण को लिखा और प्रोड्यूस किया, जो 1996-1997 के दौरान डीडी नेशनल पर प्रसारित हुआ। द कश्मीर फाइल्स फिल्म 1990 में कश्मीरी हिंदुओं के भारतीय प्रशासित कश्मीर से पलायन पर केंद्रित है। फिल्म उन घटनाओं को नरसंहार के रूप में प्रस्तुत करती है, जिसे विद्वानों के बीच बहस का विषय माना गया। द ताशकंद फाइल्स में पल्लवी जोशी ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की रहस्यमयी मृत्यु को उजागर किया।



# फिल्म 'बॉर्डर 2' की शूटिंग शुरू...

**मुंबई।** 'बॉर्डर 2' की शूटिंग अब शुरू हो चुकी है। सनी देओल एक बार फिर भारतीय सेना के सैनिक के रूप में लौटने के लिए तैयार हैं। साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर उस समय एक बड़ी हिट साबित हुई थी। आखिरकार यह इंतजार अब 29 साल बाद पूरा होने जा रहा है। फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। सनी देओल इस फिल्म में मुख्य भूमिका में होंगे। इसके अलावा वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और आहान शेट्टी जैसे नए कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा बनेंगे। शूटिंग के दौरान फिल्म की टीम ने सेट से एक तस्वीर साझा की, इसमें क्लैपबोर्ड पकड़े हुए एक शख्स का हाथ नजर आ रहा है। 'द बॉर्न आइडेंटिटी' जैसी फिल्म के एक्शन सीन को कोरियोग्राफ कर चुके हॉलीवुड के मशहूर एक्शन कोरियोग्राफर निक पॉवेल बॉर्डर 2 के युद्ध एक्शन सीन डिजाइन करेंगे।

## टीवी मसाला



# ये हैं सबसे खराब आईएमडीबी रेटिंग वाले 7 टीवी शोज...

**नई दिल्ली।** टीवी शोज के मामले में कई बार चीजें थोड़ी उलटी पड़ जाती हैं। जिन शोज को सबसे अच्छी टीआरपी मिल रही है, जरूरी नहीं कि उन्हें आईएमडीबी रेटिंग भी हाई मिले। आमतौर पर खराब कहानी और लूज स्क्रीनप्ले की वजह से ऐसा होता है। बीआर चोपड़ा की महाभारत सुपरहिट रही थी, लेकिन जब एकता कपूर ने 'कहानी हमारे महाभारत की' नाम से दोबारा महाभारत बनाई तो यह बुरी तरह पिटी। दर्शकों ने टीवी पर इसे देखा तो सही लेकिन असल रिस्पॉन्स आईएमडीबी रेटिंग में नजर आया। इस शो को सिर्फ 10 में से 1 की आईएमडीबी रेटिंग मिली थी। साल 2011 में शुरू हुआ टीवी सीरियल 'ससुराल सिमर का' घर-घर में देखा गया। इस शो की आईएमडीबी रेटिंग सिर्फ 1.1 रही थी। एक सास की अपनी तीन बहुओं के साथ खट्टी-मीठी जिंदगी के बारे में कहानी सुनाते सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' सीरियल में दिखाई गई थी। यह अपने दौर का सुपरहिट शो था जिसकी टीआरपी काफी अच्छी थी, लेकिन आईएमडीबी रेटिंग सिर्फ 1.7 रही थी। रियलिटी शोज की बात करें तो लिस्ट में अनिल कपूर होस्टेड 'बिग बॉस ओटीटी' (1.9) और रणवीर सिंह होस्टेड शो 'द बिग पिक्चर' (2.1) भी शुमार है। लेकिन, क्योंकि बात टीवी शोज की हो रही है इसलिए जिक्र 'कुंडली भाग्य' नाम के शो का करना होगा, जिसकी आईएमडीबी रेटिंग सिर्फ 2.2 रही है। लिस्ट में साल 2000 में शुरू हुए धारावाहिक 'कहानी घर घर की' को भी जगह मिली है। क्योंकि इस सुपरहिट टीवी शो को घर-घर में बहुत प्यार मिला था, लेकिन इसकी आईएमडीबी रेटिंग सिर्फ 2.3 रही है। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की आईएमडीबी रेटिंग सिर्फ 2.4 ही है। 'अनुपमा' भी **IMDb** रेटिंग के मामले में सिर्फ 3.8 तक ही रैंक कर सका।

## चूम दरांग ने टाइम गॉड बनने के लिए क्या लगाया दांव पर, नाराज हो गए बाकी प्रतियोगी

**नई दिल्ली।** रियालिटी शो बिग बॉस 18 में प्रतियोगियों के बीच किसी ना किसी वजह से लड़ाई, झगड़ा और बहस होती रहती है। कलर्सटीवी के



इंस्टाग्राम पेज पर आज रात आने वाले बिग बॉस 18 के एपिसोड से जुड़ी एक वीडियो पोस्ट की गई है, जिसमें प्रतियोगी चूम दरांग ने टाइम गॉड बनने के लिए ऐसा कुछ दांव पर लगा दिया, जिसका बुरा असर बाकी प्रतियोगियों पर पड़ सकता है। इस वजह से लगभग सभी प्रतियोगी चूम दरांग से नाराज हो गए। चूम दरांग ने घर का राशन, टाइम गॉड बनने के लिए दांव पर लगा दिया है। इसमें करणवीर मेहरा उन्हें सपोर्ट करते हुए नजर आए। जब बिग बॉस ने घोषणा की इस बार के राशन में घर वालों के हिस्से में बस एक नींबू आया है तो सभी नाराज हो गए। अविनाश ने चूम को कहा कि वह एक सेल्फिश लड़की है, उसने बाकी लोगों के बारे में बिल्कुल भी नहीं सोचा।

# कभी राज कपूर के गैरेज में रहते थे अनिल कपूर, आज करोड़ों की संपत्ति के हैं मालिक

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में एवरग्रीन अभिनेता के नाम से मशहूर अभिनेता अनिल कपूर आज भी फिल्मों में काफी एक्टिव हैं। अपने अभिनय के दम पर उन्होंने हिंदी सिनेमा में वो छाप छोड़ी है कि आज वह किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। बढ़ती उम्र के बाद भी अभिनेता के लुक्स उन्हें आज के लीड एक्टर्स के कॉम्पिटिशन में ला खड़ा कर देते हैं। हालांकि, एक कलाकार की तरह अनिल का फिल्मों में आकर अपना करियर बनना आसान नहीं था, उन्हें कई संघर्षों से होकर गुजरना पड़ा था। अनिल कपूर का जन्म 24 दिसंबर 1956 में हुआ था। आज भी बॉलीवुड में भले ही अनिल कपूर का सिक्का चलता है, लेकिन एक ऐसा वक्त था, जब वह करियर बनाने के मुंबई आए थे और उस समय उनके पास पैसों की तंगी थी। उस समय अभिनेता अपने परिवार के साथ अभिनेता राज कपूर के गैरेज में रहते थे। इसके बाद अभिनेता ने किराए पर एक कमरा लिया था और परिवार को भी लंबे समय तक किराए के कमरे में ही रखा था।

***इन हिट फिल्मों का बने हिस्सा :*** साल 1979 से करियर की शुरुआत करने वाले अभिनेता अनिल कपूर पहले कैमियो से स्क्रीन पर जगह बनाई, उसके बाद अभिनेता ने बतौर लीड एक्टर 1983 में फिल्म 'वो सात दिन' के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया। अनिल कपूर ने इंडस्ट्री को कई हिट फिल्में दी हैं। इनमें 'बेटा', 'मिस्टर इंडिया', 'मेरी जंग', 'कर्मा', 'तेजाब', 'कसम', 'राम लखन', 'हमारा दिल आपके पास है', 'लाडला' और 'नायक' शामिल हैं।



***इतनी है अभिनेता की नेटवर्थ :*** बात करें अभिनेता के नेटवर्थ की तो अनिल कपूर मुंबई के जुहू एरिया में आलीशान बंगले में रहते हैं। उनके पास कुल तीन घर हैं। इनकी कीमत लगभग 35 करोड़ रुपए है। अभिनेता के पास पोर्श, बेंटले, बीएमडब्ल्यू, जगुआर और ऑडी जैसी कई कारें हैं। अभिनेता साल भर में 12 करोड़ रुपए कमाते हैं।

***दिलचस्प है प्रेम कहानी :*** इसके अलावा अनिल कपूर की लव लाइफ भी काफी दिलचस्प है। अनिल कपूर जब संघर्ष कर रहे थे तो उनकी मुलाकात मॉडल सुनीता से हुई थी। पहली नजर में अभिनेता सुनीता को दिल दे बैठे थे। अभिनेता ने साल 1984 में उनसे शादी की थी।

# समाज को आईना दिखाती हैं श्याम बेनेगल की ये कालजयी फिल्में, ओटीटी पर हैं मौजूद ...

**नई दिल्ली।** मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक श्याम बेनेगल हिन्दी आर्ट सिनेमा के दिग्गज थे। उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्में दीं। आइए जानते हैं उनकी कौन-कौन सी फिल्में आप ओटीटी पर देख सकते हैं।

**अंकुर :** श्याम बेनेगल ने 1974 में फिल्म 'अंकुर' से निर्देशन की शुरुआत की। यह फिल्म सामाजिक मुद्दों पर आधारित थी। इस फिल्म ने उन्हें दुनियाभर में पहचान दिलाई। 'अंकुर' ने 40 से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते। श्याम और शबाना आजमी की यह पहली फिल्म थी। इस फिल्म को आप जियो सिनेमा पर देख सकते हैं।

**मंडी :** श्याम बेनेगल की 'मंडी'एक कोठे और वहां की



औरतों की कहानी है। फिल्म में शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, नसीरुद्दीन शाह मुख्य भूमिका में है। फिल्म समाज के उन लोगों के चेहरे को उजागर करती है, जो कोठे पर सवाल उठाते हैं और फिर वहीं का रुख करते है। प्राइम वीडियो पर आप इस फिल्म को देख सकते हैं।

**मंथन :** श्याम बेनेगल की फिल्म 'मंथन'भी प्रशंसकों की पसंदीदा फिल्म है। यह फिल्म 1976 में रिलीज हुई थी। मंथन पहली क्राउडफंडेड भारतीय फिल्म है। यह फिल्म जी5 पर उपलब्ध है।

**वेल डन अब्बा :** 'वेलडन अब्बा'ने सरकारी योजनाओं मे चल रही धांधली को इस फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित किया है। यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर मौजूद है।

**जुबैदा :** श्याम बेनेगल की फिल्म 'जुबैदा'साल 2001 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म एक मुस्लिम अभिनेत्री और हिंदू राजकुमार की प्रेमकथा पर आधारित है। इस फिल्म में में करिश्मा कपूर, रेखा, मनोज वाजपेयी, सुरेखा सीकरी, रजत कपूर, लिलेट दुबे, अमरीश पुरी, फरीदा जलाल और शक्ति कपूर शामिल हैं। इस फिल्म ने हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता है। यह फिल्म जी5 पर मौजूद है।

## 'सुनो सुनो ऐ दुनिया वालों बापूजी की अमर कहानी' गाना हुआ बेहद लोकप्रिय

# जब मोहम्मद रफी को गाने के लिए पंडित नेहरू ने अपने घर बुलाया

***नई दिल्ली।*** *मोहम्मद रफी की 24 को 100वीं जयंती मनाई गई। इस खास मौके पर हम उनके जीवन से जुड़ा दो खास किस्सा साझा कर रहे हैं। रफी साहब से जुड़ी कई दिलचस्प कहानियां हैं, लेकिन भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से जुड़े दो किस्से ऐसे हैं, जिसे कम ही लोग जानते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि साल 1948 में रफी साहब का गाना इतना ज्यादा लोकप्रिय हुआ था कि इसे सुनने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री ने रफी साहब को अपने घर पर बुला लिया था। यह गाना 'सुनो सुनो ऐ दुनिया वालों बापूजी की अमर कहानी' था, जो बेहद लोकप्रिय हुआ।*

### यह भी है दिलचस्प किस्सा

इसके अलावा जवाहर लाल नेहरू से जुड़ा एक और किस्सा काफी मशहूर है। एक बार जब मोहम्मद रफी ने 'दोस्ती' फिल्म का मशहूर गाना 'चाहूंगा मैं तुझे सांझ सवेरे' एक इवेंट में गाया था तब इस कार्यक्रम में पंडित जवाहरलाल नेहरू भी उपस्थित थे। गाना सुनते हुए पंडित नेहरू अपनी भावनाओं को काबू नहीं रख सके और उनकी आंखों में आंसू आ गए थे।



### दिलीप कुमार टॉप 10 में किस नंबर पर?

*मोहम्मद रफी ने शशि कपूर के लिए 100 गानों में आवाज दी। सुपरस्टार देव आनन्द के लिए 77 गाने और दिलीप कुमार के लिए 47 गाने गाए। वहीं, सिंगर जानी वाकर के लिए कुल 129 गाने गाए। कपूर खानदार से निकले कई सितारों की आवाज मोहम्मद रफी बने। एक वक्त पर उन्हें राज कपूर की आवाज माना गया। सुजाता देव की किताब 'मोहम्मद रफीः द गोल्डन वॉयस ऑफ द सिल्वर स्क्रीन' में दिए आंकड़ों के मुताबिक लोगों को लग सकता है कि रफी साहब ने दिलीप कुमार के लिए सबसे ज्यादा गीत गाए। लेकिन दिलीप कुमार टॉप-10 की इस लिस्ट में सबसे आखिरी हैं। किताब के मुताबिक, मोहम्मद रफी ने सबसे अधिक 190 गाने शम्मी कपूर के लिए गाए। इनमें 'दीवाना हुआ बादल' से लेकर 'ये चांद सा रोशन चेहरा' और 'बदन पे सितारे' जैसे गीत शामिल हैं। किताब के मुताबिक शम्मी कपूर के बाद रफी साहब ने जिस एक्टर के लिए सबसे अधिक गाने गाए वो जॉन वॉकर हैं। उन्होंने राजेंद्र कुमार के लिए 112 गाने गाए। धर्मेंद्र के लिए 109 और देव आनंद के लिए 100 गीत गाए थे। इसके अलावा उन्होंने जितेंद्र, महमूद हैं के लिए भी गाने गाए।*

### किशोर कुमार पर फिल्माए कई गानों को दी आवाज

मोहम्मद रफी का शास्त्रीय धुनों से लेकर गहरी रोमांटिक धुनों तक, संगीत में उनका योगदान अद्वितीय है और उनके गीत पीढ़ियों तक गूंजते रहे हैं। आज मोहम्मद रफी की जयंती पर आपको बताते हैं कि किशोर कुमार, जो कि खुद अभिनता होने के साथ बेहतरीन गायक थे। उनकी कई फिल्मों के गानों को मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज दी है। 1959 में आई फिल्म शरारत का प्रसिद्ध गाना 'अजब है दास्तां तेरी ऐ जिंदगी' को रफी ने अपनी आवाज से सजाया था। फिल्म में किशोर कुमार ने मुख्य अभिनय किया था।

**सैलून से शुरू हुआ सफर :** मोहम्मद रफी का जन्म 24 दिसंबर 1924 को अमृतसर के छोटे गांव कोटला सुल्तानपुर में हुआ। सुरीला कंठ उन्हें कुदरत से उपहार में मिला। कहा जाता है कि वे खुदा की आवाज थे। गायकी का सफर नाई की दुकान से शुरू हुआ और फिर मंचों से होता हुआ फिल्मी गलियारों तक पहुंच सारी दुनिया में फैल गया। दरअसल, रफी साहब के बड़े भाई सलून चलाया करते थे। मोहम्मद रफी की पढ़ाई में कोई रूचि नहीं थी। ऐसे में उनके पिताजी ने उन्हें बड़े भाई के साथ सलून में काम सीखने के लिए भेज दिया था। बाल काटते हुए रफी साहब गुनगुनाते। इस दौरान उनके बड़े भाई ने उनकी इस प्रतिभा पर गौर किया और उन्हें संगीत की दुनिया में आगे बढ़ाया।

**दिग्गज कलाकारों को दी आवाज :** रफी साहब को गायिकी की प्रेरणा एक फकीर से मिला करती थी। वे उसके साथ गाना गाते। रफी साहब ने अपने करियर में पांच हजार से ज्यादा गाने गाए। उन्होंने हिंदी के अलावा अन्य क्षेत्री भाषाओं में भी गानो गाए। कई बड़े सितारों की आवाज बनकर छा गए। रफी के साले मोहम्मद हमीद ने रफी साहब की मुलाकात नौशाद अली से करवाई। इसके बाद उन्हें 'हिंदुस्तान के हम हैं, हिंदुस्तान हमारा' की कुछ लाइने गाने का मौका मिला। यह गाना 1944 में आई फिल्म 'पहले आप' का था। मोहम्मद रफी ने देव आनंद से लेकर राजेंद्र कुमार, राज कपूर, शम्मी कपूर, दिलीप कुमार तक तमाम दिग्गज कलाकारों को सुर दिए।